हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 18 अगस्त 2024



# नशे से जिंदगी बेरंग करने वाला कोई कार सजा रहा तो कोई मैकेनिक बन परिवार चला रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने जिले के सभी थाना क्षेत्रों में रेंज आईजी अमरेश मिश्रा तथा एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर निजात अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस ने नई पहल करते हुए नशे के आदी लोगों को मुख्याधारा में लाकर जोड़ने का काम किया है। इसके लिए राजपत्रित पुलिस अफसरों के सुपरविजन में नशामुक्ति अभियान शुरू किया गया है। नशे के आदी लोगों की डॉक्टर तथा साइकोलॉजिस्ट की उपस्थिति में काउंसिलिंग कर नशा छुड़ाने का काम किया जा रहा है। पुलिस अफसरों के दावों के मुताबिक काउंसिलिंग की मदद से अब तक एक दर्जन से ज्यादा लोगों को नशा से निजात दिलाकर उन्हें मुख्यधारा में जोड़ा जा चुका है।

- पुलिस द्वारा चलाए जा रहे निजात अभियान की अगली कड़ी नशे के आदी लोगों को नशा मुक्त कराने का अभियान

एसएसपी के अनुसार पुलिस द्वारा नशा मुक्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान में ऐसे किशोर उम्र के बच्चे जो नशे के आदी हो गए हैं, उनके परिजन पुलिस से संपर्क कर अपने बच्चों को नशा से मुक्त कराने की गुहार लगा रहे हैं।

पुलिस अफसर के अनुसार सभी थाना क्षेत्र की पुलिस को ऐसे बच्चे जो नशा के आदी हो गए हैं, उनकी पहचान करने के लिए कहा गया है। इसके बाद संबंधित थाना के टीआई नशा के आदी बच्चों के परिजन से संपर्क कर काउंसिलिंग में बुलाकर किशोर उम्र के बच्चों का नशा छुड़ाने का काम कर रहे हैं।



### अब तक पौने चार सौ लोगों की काउंसिलिंग

एसएसपी के मुताबिक जिले में अब तक पौने चार सौ लोगों की काउंसिलिंग की जा चुकी है। काउंसिलिंग में एक दर्जन लोगों को नशा मुक्त कराने में कायाबी मिली है। अफसर के अनुसार सौ से ज्यादा लोग नशा छोड़ने के करीब पहुंच चुके हैं। अफसर के अनुसार जो लोग नशा छोड़ चुके हैं, उनके पुनर्वास की भी व्यवस्था की जा रही है।

### बोतल छोड़ पेचकस, पाना थामा

पुलिस अफसर के अनुसार सरोरा निवासी ललित साहू दिनभर नशे में चूर रहता था। ललित के साथ पुलिस ने कई दौर की काउंसिलिंग कर उसे नशा छोड़ने राजी किया। इसके बाद उसका डॉक्टर (साइकोलॉजिस्ट) आलोक शर्मा के साथ काउंसिलिंग कराई गई। ललित वर्तमान में नशा छोड़ एक नामी कार कंपनी में मेकैनिक का काम कर रहा है।

### नशा छूटा तो मारपीट से तौबा

*इसी तरह पुलिस ने नशे की हालत में चाकू लेकर घूमने वाले किशोर के पिता से संपर्क कर किशोर को नशा छोड़ने के लिए विवश किया। साथ ही परिजनों ने किशोर के चाकू को खमतराई थाना में जमा कराया। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र का गुंडा बदमाश सूची में शामिल करण रेड्डी जो शराब के नशे में राह चलते लोगों के साथ मारपीट करता था, पुलिस ने उसकी काउंसिलिंग कराकर सामाजिक कार्यकर्ता की मदद से पहले नशा छुड़ाया। पुलिस अफसर के अनुसार वर्तमान में करण नशा से तौबा कर सुखद पारिवारिक जीवन जी रहा है। ऐसा ही एक अन्य युवक नशा छोड़ एक कार श्रृंगार में कार सजाने का काम कर रहा है।*

## खबर संक्षेप



### बृजमोहन के निवास पहुंचे केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार

**रायपुर।** एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचे केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार शनिवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निवास पहुंचे और श्री अग्रवाल एवं परिवारजनों से भेंट कर कुशलक्षेम जाना। श्री अग्रवाल अविभाजित मध्यप्रदेश में भी मंत्री रह चुके हैं और वीरेंद्र कुमार के पुराने मित्र भी हैं। इस दौरान प्रदेश के कृषिमंत्री राम विचार नेताम, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक संपत अग्रवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी भी उपस्थित रहे।

### मुख्य सचिव ने ली कमिश्नर-और कलेक्टर्स की बैठक



**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने शनिवार को मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संभागायुक्तों और कलेक्टर्स की बैठक ली। बैठक में राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, भू-अर्जन, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार, एक पेड़ मां के नाम, नारी शक्ति से जल शक्ति, जल जीवन मिशन, श्रम पोर्टल में दर्ज श्रमिकों के राशन कार्ड बनाने और बच्चों के अधिकारों का संरक्षण और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर कलेक्टरों से जिलेवार जानकारी ली।

## देवेंद्र की गिरफ्तारी पर सियासत, कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

# भूपेश ने कहा- कांग्रेस नेताओं को फंसाने की कोशिश गृहमंत्री बोले- देवेंद्र जांच में नहीं कर रहे थे सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस के भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर सियासत गरमा गई है। पूर्व मख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसे दुर्भावना पूर्ण कार्रवाई बताते हुए कहा, कांग्रेस नेताओं को फंसाने की साजिश हो रही है। वहीं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, बलौदाबाजार हिंसा मामले में कांग्रेस विधायक दवेंद्र यादव सहयोग नहीं कर रहे थे, इसलिए पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है। बलौदाबाजार मामले में सुबह से विधायक के घर पुलिस अधिकारियों का दल पहुंचा। गिरफ्तारी से पहले घंटों तक पुलिस और देवेंद्र यादव के बीच बातचीत चली। विधायक के घर के भीतर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व विधायक और कांग्रेस महापौर भी डटे थे। वहां पर पीसीसी महामंत्री सुबोध हरितवाल, युंका अध्यक्ष आकाश शर्मा लगातार पुलिस प्रशासन से बात करते रहे। चर्चा के 6 घंटे बाद देवेंद्र यादव ने पुलिस के सामने अपनी गिरफ्तारी दी। मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी



पर कहा, कांग्रेस नेताओं को फंसाने की साजिश हो रही है। पुलिस को राजनीतिक दबाव में आकर कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। भाजपा से जुड़े एक भी नेता से पूछताछ नहीं हुई है। उन्होंने कहा, भाजपा के पूर्व विधायक सनम जांगड़े से पूछताछ क्यों नहीं हुई है। देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी का कांग्रेस पुरजोर विरोध करती है, मामले में विधिक सलाह लेंगे और राजनीतिक कदम भी उठाएंगे। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी पर कहा, ये समाज को लड़ाने की साजिश करार दिया। उन्होंने कहा, पुलिस ने कांग्रेस को निशाना बनाने की कोशिश की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, विधायक के आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। हम किसी भी कीमत पर दबने और डरने वाले नहीं हैं। कांग्रेस झूठे आरोपों के खिलाफ लगातार लड़ाई लड़ती रहेगी।

### जांच में सहयोग न करने पर गिरफ्तारी : शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मामले में कहा, बलौदाबाजार की घटना की जांच में देवेंद्र यादव को पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया था, पर वे नहीं आ रहे थे। पुलिस ने जांच में सहयोग न करने के पर उनकी गिरफ्तारी की है। उन्होंने बलौदाबाजार हिंसा में जो भी दोषी होगा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### समनामी समाज को न्याय मिले : देवेंद्र

विधायक देवेंद्र यादव ने कहा, सतनामी समाज के लोगों की हमने आवाज उठाई। सतनामी समाज को न्याय मिलना चाहिए। अगर सरकार को लगता है कि देवेन्द्र यादव को गिरफ्तार करने से उनकी पीठ थपथपा सकती है, तो मैं तैयार हूं। हम संविधान के लिए, आम आदमी के लिए लड़ाई लड़ेंगे। हम कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। सरकार से हम नहीं डरेंगे।

### युकां कार्यकर्ता सड़क पर उतरे

देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी की जानकारी जैसे ही रायपुर के कांग्रेसियों को लगी, बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। नाराज कांग्रेस कार्यकर्ता राजीव चौक पर पुतला दहन करना चाहते थे। भारी संख्या में मौजूद पुलिस के जवानों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हाथों से पुतला छीन लिया। पुतला छीने जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिसवालों के साथ बहस हो गई। पुतला छीने जाने से कार्यकर्ता काफी नाराज दिखे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था कि राज्य में जब से बीजेपी की सरकार बनी है तब से कांग्रेस को दबाने की कोशिश की जा रही है। सरकार लगातार विपक्ष की आवाज को बंद करने का काम कर रही है।

### पुलिस लगातार दे रही थी पूछताछ का नोटिस

कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को बलौदाबाजार पुलिस लगातार नोटिस भेज रही थी। पुलिस के मुताबिक देवेंद्र यादव पुलिस के नोटिस का कोई उचित जवाब नहीं दे रहे थे। पुलिस अबतक चार नोटिस देवेंद्र यादव को भेज चुकी थी। शनिवार की सुबह बलौदाबाजार पुलिस खुद देवेंद्र यादव के आवास पर पहुंची।

# भाजपा का सदस्यता अभियान एक सितंबर से, विजया राहटकर छत्तीसगढ़ की प्रभारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा में संगठन चुनाव से पहले सदस्यता अभियान चलाने पर बड़ा फैसला शनिवार को दिल्ली में भाजपा कार्यालय में हुई राष्ट्रीय बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष, केंद्रीय मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में किया गया।


एक सितंबर से अभियान का पहला चरण प्रारंभ होगा। कुल तीन चरणों में अभियान चलेगा। अभियान के लिए देश के सभी राज्यों के लिए प्रभारी भी नियुक्ति किए गए हैं। छत्तीसगढ़ का प्रभारी विजया राहटकर को बनाया गया है। उनके पास कर्नाटक का भी जिम्मा है। बैठक में छत्तीसगढ़ से भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सभी महामंत्री और सदस्यता अभियान के संजोयक और सदस्य भी शामिल हुए।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने दिल्ली में शनिवार को बैठक के लिए सभी राज्यों के संगठनों के पदाधिकारियों को बुलाया। इसके लिए छत्तीसगढ़ से प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, रामजी भारती और भरत वर्मा तो दिल्ली गए ही। इसी के साथ भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, सदस्यता अभियान के संयोजक अनुराग सिंहदेव, सदस्य सांसद रूपकुमारी चौधरी, नवीन मार्कडेंय, विकास मरकाम और श्रीनिवास राव मद्दी भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में सदस्यता अभियान को लेकर तय किया गया कि कब से क्या होना है।

# बृजमोहन बोले- प्रदेश में पता नहीं कितनी कांग्रेस चल रही

### अब अमितेश, अमरजीत भी जागृत हो गए हैं

**रायपुर।** रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस में चल रही उठापटक पर कहा, अब तक तो लगता था प्रदेश में चार-पांच कांग्रेस है, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, मोहन मरकाम की कांग्रेस थी। अमितेश शुक्ल, अमरजीत भगत भी जागृत हो गए हैं। डॉ. चरणदास महंत की एक अलग कांग्रेस चल रही है। पता नहीं प्रदेश में कितनी कांग्रेस चल रही है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा, सब मिलकर भी कुछ अच्छा नहीं कर पाएंगे। इनसे सिर्फ प्रदेश को नुकसान ही होगा, लाभ नहीं। दक्षिण उपचुनाव को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, कांग्रेस को भाजपा के प्रत्याशी का समर्थन कर देना चाहिए। जमानत जब्त कराने के लिए चुनाव लड़ने से क्या लाभ। भाजपा जिसे टिकट देगी उसका सहयोग करूंगा।



### केदार बोले- अमितेश के बयान से साफ कांग्रेस में आपराधिक तत्व सक्रिय

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल के उस बयान को कांग्रेस में मचे घमासान का एक और प्रमाण बताया है, जिसमें श्री शुक्ल ने कहा है कि कांग्रेस में आपराधिक तत्व सक्रिय हैं और इन्हें बड़े नेताओं की शह प्राप्त है और जिसके कारण चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। श्री गुप्ता ने कहा, श्री शुक्ल का यह बयान बताता है कि कांग्रेस में अब अपराधियों की घुसपैठ हो गई है और अपराधी अब न केवल कांग्रेस के झंडा बरदार हो गए हैं, अपितु कांग्रेस में उनकी धाक इतनी बढ़ गई है कि वे प्रदेश कांग्रेस के फैसलों में सीधी दखल रखने लगे हैं।















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



दो साल से ताला लगा हुआ है, सारा सामान भी जस का तस

हरिभूमि

# रायपुर भूमि



# अफसरों ने कहा- निगम में रोज खुलता है स्तनपान केंद्र हरिभूमि ने तीन दिन जांच की, लटका मिला ताला

*यूनीसेफ के सहयोग से निगम में बनाया गया है ब्रेस्ट फीडिंग कार्नर*

दामिनी बंजारे ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

दो साल पहले यूनीसेफ ने नेक काम किया। पैसे खर्च कर नगर निगम मुख्यालय में ब्रेस्ट फीडिंग कार्नर बनाया। उद्देश्य था कि सार्वजनिक स्थान पर मां अपने बच्चों को सुकून के साथ बिना झिझक दूध पिला सकें। कार्नर शानदार बना। उसमें बच्चों के खिलौने भी रखे गए। सबकुछ स्तरीय। लेकिन सिस्टम कैसे बदलता। मकसद यह भी था कि इस तरह के कार्नर बस स्टैंड हो, पार्क हो या मार्केट ▶▶|शेष पेज 16 पर

### ये होता है ब्रेस्ट फीडिंग कॉर्नर

ब्रेस्ट फीडिंग कॉर्नर मां का दूध पिलाने का कोना या स्थान होता है. किसी भी सार्वजनिक स्थान या संस्थान में इसे विशेष तौर पर बच्चे को ब्रेस्ट फीड कराने के लिए डिजाइन किया जाता है। मां अपने शिशु को यहां आराम से शांतिपूर्ण और पूरी निजता के साथ दूध पिला सकती है।

### 2 साल से नगर निगम में नहीं हुआ इसका इस्तेमाल

राजधानी रायपुर में नगर निगम पालिका जहां पर लोगों की सख्या सर्वाधिक होती हैं। प्रथम तल पर महिलाओं के लिए लाखों खर्च कर के ▶▶|शेष पेज 16 पर

### कॉर्नर न होने के नुकसान

शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ अशोक भट्टर कहते हैं कि सार्वजनिक जगहों या संस्थानों पर ब्रेस्ट फीड कॉर्नर न होने के कई नुकसान मां और बच्चे को झेलने पड़ते हैं। आरामदायक और सहजता न होने की वजह से मां अपने बच्चे को सही प्रकार से फीड नहीं करा पाती है जिससे बच्चे का पेट पूरा नहीं भर पाता है। उसका पोषण अधूरा रह जाता है. वहीं बच्चा लगातार चिड़चिड़ा बना रहता है।

- डॉ अशोक भट्टर
शिशुरोग विशेषज्ञ

## खबर संक्षेप

### डिलीवरी ब्वॉय से लूट किया चाकू से हमला

**रायपुर।** माना थाने में एक फूड डिलीवरी ब्वॉय ने अज्ञात तीन बदमाशों के खिलाफ चाकू से हमला कर नकदी तीन हजार रुपए के साथ बैग में रखा आर्डर का खाना लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, सरोज ने अपने साथ लूट की शिकायत दर्ज कराई है। सरोज ने पुलिस को बताया कि वह ग्राहक के आर्डर पर मैगी देने जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उसे ओवरटेक कर रोक लिया। इसके बाद बाइक सवार दो बदमाश उसके साथ मारपीट कर जेब में रखी नकदी रकम तथा खाने का पैकेट रखा बैग लूट लिए। मोबाइल लूटने का विरोध करने पर एक बदमाश ने डिलीवरी ब्वॉय पर चाकू से हमला कर दिया।

### हिस्ट्रीशीटर बदमाश से 30 पौवा शराब जब्त

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश के कब्जे से 27 सौ रुपए कीमत की 30 पौवा शराब जब्त की है। पुलिस के मुताबिक, संजू निहाल के कब्जे से शराब जब्ती की गई है। पुलिस ने संजू के कब्जे से अमलीडीह से मेडिशाइन अस्पताल मार्ग पर जांच के दौरान शराब जब्त की है। संजू के खिलाफ थाने में मारपीट, आर्म्स एक्ट तथा नारकोटिक्स एक्ट के तहत पूर्व में कई अपराध दर्ज हैं।



निजी एजेंसी को निगम ने 15 साल की लीज पर दिया है ठेका

# मरीन ड्राइव का 'शौक' महंगा पड़ रहा सड़क पर पार्किंग इसलिए जाम ही जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नगर निगम ने मुंबई के मरीन ड्राइव की तर्ज पर तेलीबांधा तालाब को संवारते हुए वहां रिक्रियेशन जोन बनाने निजी एजेंसी को 15 साल के लिए लीज पर ठेका दिया है, पर वहां आने-जाने वालों के लिए ढाई साल बीतने के बाद भी वहां पार्किंग की सुविधा उपलब्ध नहीं करा पाया। इसके कारण तेलीबांधा मुख्य मार्ग की सड़क पर गाड़ियां पार्क करने से ट्रैफिक जाम की समस्या से लोग हलाकान हैं। बिना पार्किंग की सुविधा दिये प्रोजेक्ट विकसित करने का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

- स्मार्ट सिटी ने बिलासपुर की एजेंसी को दिया है ठेका

राजधानी के तेलीबांधा तालाब स्थित रिक्रियेशन के विजिटर्स को अब तक स्मार्ट पार्किंग की सुविधा नहीं मिल पाई। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने साल 2022 में इस कार्य के लिए बिलासपुर की एजेंसी को अनुबंधित कर वर्कआर्डर दिया, पर अनुबंधित एजेंसी को नगर निगम ने साइट क्लीयर कर देने में 1 साल लगा दिये। इसके कारण निर्माण स्थल पर ठेका कंपनी ने केवल गड्ढा खोदकर छोड़ रखा है। विदित हो, पीपीपी मोड पर यहां स्मार्ट पार्किंग का निर्माण किया जाना है, जिसमें स्लाट वाइज बुकिंग की सुविधा ▶▶|शेष पेज 16 पर

### पीपीपी मोड पर स्मार्ट पार्किंग का काम बेहद सुस्त






### 18 हजार वर्गफीट जमीन पर स्मार्ट पार्किंग की है योजना

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने तेलीबांधा तालाब से लगे यूको बैंक के पास नगर निगम की खाली पड़ी 18 हजार वर्गफीट जमीन पर स्मार्ट पार्किंग की योजना बनाई। यह काम पीपीपी मोड पर किया जाना है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि 2 फेज में यह काम होना है, जिसमें 90 कार की पार्किंग की सुविधा रहेगी। बिलासपुर कीस्टोन इंफ्रा बिल्ड कंपनी दो चरणों में यह प्रोजेक्ट पूरा करेगी। इसे स्वचालित पार्किंग की सुविधा से जोड़ने की योजना है। नगर निगम को इस कार्य में फूटी कौड़ी खर्च नहीं करना पड़ेगा।

### स्मार्ट पार्किंग की डिजाइन का एप्रूवल अटका

सूत्रों के मुताबिक रायपुर स्मार्ट सिटी के आला अधिकारी के पास स्मार्ट पार्किंग की डिजाइन की एप्रूवल वाली फाइल अनुमोदन के लिए भेजी गई है, पर महीनों बीत जाने के बाद भी संबंधित अधिकारी ने अब तक इसका अनुमोदन नहीं किया है। इसके कारण निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है। अनुबंधित एजेंसी तेलीबांधा तालाब परिसर में स्थापित एसटीपी के पास जगह मांग रही थी, ताकि स्मार्ट पार्किंग का कार्य आसानी से हो सके, पर एसटीपी का संचालन करने वाली एजेंसी इसके लिए राजी नहीं हुई। चूंकि अब तेलीबांधा में स्थापित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को नगर निगम को हैंडओवर कर दिया गया है, इसलिए अब इस काम में तेजी आयेगी।

# आज भी हल्की बारिश-बौछारें पड़ेंगी, मध्य छत्तीसगढ़ में कहीं-कहीं भारी वर्षा की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में अनेक स्थानों पर रविवार को भी हल्की बारिश एवं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, वहीं राज्य के मध्य क्षेत्र में कहीं-कहीं पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा भी हो सकती है।

स्थानीय मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण बांग्लादेश और उसके आसपास स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। यह उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होने की ▶▶|शेष पेज 16 पर

### बिलासपुर-सरगुजा संभाग में आकाशीय बिजली गिरने की संभावना

वैज्ञानिकों ने प्रदेश के मध्य क्षेत्र बिलासपुर और सरगुजा संभाग में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी बारिश होने के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी चेतावनी जारी की है।

# सफारी में प्लास्टिक सामान ले जाने पर दिल्ली, मुंबई की तर्ज पर पैसा देकर टोकन लेना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एशिया के सबसे बड़े मानव निर्मित जंगल सफारी को पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त करने रविवार से सफारी के अंदर प्लास्टिक ले जाने पर रोक लगाने का निर्देश जारी किया गया है। यह निर्देश वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश तथा पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन में जारी किया गया है। सफारी को प्लास्टिक मुक्त करने का निर्णय पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर किया गया है।

- प्लास्टिक कचरा जमा करने पर पैसा वापस मिलेगा

जंगल सफारी डायरेक्टर धम्मशील गणवीर के मुताबिक सफारी में आगंतुकों को प्लास्टिक अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही सफारी में प्लास्टिक पैकेजिंग वाले उत्पादों की बिक्री भी प्रतिबंधित होगी। प्लास्टिक के कारण पर्यावरण पर होने वाले दुष्परिणामों के बारे में सतत रूप ▶▶|शेष पेज 16 पर

# अब अल्ट्रासोनिक मशीन से पता चलेगी पटरियों की खराबी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीते दो सालों से पटरियों की खराबी के कारण रेल हादसे बढ़ गए हैं। ड्राइवर की गलतियों से होने वाले रेल हादसों पर नियंत्रण की कोशिशों के बीच रेलवे का ध्यान अब खराब पटरियों के स्वास्थ्य पर भी होगा। पूरे देश के लगभग 70 हजार किलोमीटर रेल रूट के नियमित निरीक्षण के लिए नई अल्ट्रासोनिक मशीन लगाई जाएगी, जो ट्रैक का अल्ट्रासाउंड करके उसकी स्थिति बताएगी। इससे पटरियों में खराबी के कारण होने वाले हादसों पर काफी हद तक नियंत्रण लग सकेगा। रेल बोर्ड का मनना है कि नई अल्ट्रासाउंड मशीन से निरीक्षण के बाद क्रैक पटरियों के कारण होने वाली ट्रेन दुर्घटनाओं में करीब 85 प्रतिशत तक कमी आ जाएगी। पटरियों के निरीक्षण के लिए नई अल्ट्रासाउंड मशीन लगाई जा रही है। अभी साबरमती जोन में शुरुआत हो चुकी है, जिसके बाद में सभी रेलवे जोनों में इसे लगाना है। बिलासपुर जोन में भी जल्द कार्य शुरू होगा।

- सभी जोन में रेल रूट के नियमित निरीक्षण के लिए लगाई जाएगी नई अल्ट्रासोनिक मशीन
- रेलवे का दावा- नई तकनीक से पटरियों में खराबी के कारण होने वाले हादसों पर लगेगा नियंत्रण

### क्रेक पटरियों की मिलेगी सही जानकारी

रेलवे के अनुसार ट्रेन हादसों के तीन बड़े कारण होते हैं। पायलट की गलतियों के अलावा ट्रैक में खराबी और कभी-कभी पटरियों पर किसी जानवर या कठोर वस्तु के आ जाने से ट्रेन दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। रेल पटरियों की छोटी-सी खामियों का पता अल्ट्रासोनिक मशीन से लगाकर उसे दूर भी किया जा सकेगा।पटरियों की जांच पहले भी ऐसी ही मशीन से की जाती थी, किंतु तब काफी समय लगता था और छोटे-छोटे क्रेक का पता नहीं चलता था। पुरानी मशीन से पटरियों के अंदर बड़े वैक्यूम का पता आसानी से लगा लिया जाता है, लेकिन अत्यंत छोटा वैक्यूम बनने या मामूली खराबी आने पर कई बार पता नहीं चल पाता है। यहां तक कि सिंगल मशीन लेकर पटरियों की जांच करते वक्त अगर थोड़ा सा भी हाथ हिल गया, तो मर्ज का पता नहीं चल पाता था। रेल हादसों की यह भी एक बड़ी वजह होती है।

### एक मशीन की लागत छह लाख तक

फेज अर्रेय के जरिए पटरियों की जांच, वेल्डिंग की गुणवत्ता, जंग की स्थिति व अन्य दोषों का आसानी से पता लगाया जा सकता है। इसमें एक विशेष प्रकार का अल्ट्रासोनिक ट्रांसड्यूसर अर्रेय होता है, जो ध्वनि तरंगें छोड़ती है। इन तरंगों का अध्ययन विभिन्न कोणों और गहराइयों कै पैमाने पर किया जाता है। पटरियों पर मशीन के ले जाते ही ध्वनि तरंगों की तुरंत प्रतिक्रिया होने लगती है और ट्रैक के आंतरिक ढांचे की वास्तविक तस्वीरें उभरने लगती हैं। नई मशीन पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर आधारित है। इसे स्टील अथारिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड,सेल ने विकसित किया है। एक मशीन की लागत लगभग छह लाख है। इसके जरिए पटरियों की अत्यंत छोटी खामियों का पता चलने से रेलवे की सुरक्षा में वृद्धि होगी, क्योंकि पुरानी मशीन की तुलना में नई मशीन तेज निरीक्षण करती है। एक साथ कई कोणों की जांच होने से समय की बचत होती है।




**खबर संक्षेप**



## फिल्म जवानी जिंदाबाद 23 अगस्त को होगी प्रदर्शित

**रायपुर।** कॉमेडी और रोमांस से भरपूर फिल्म जवानी जिंदाबाद राजधानी सहित प्रदेश प्रमुख सिनेमाघरों में 23 अगस्त से प्रदर्शित होगी। फिल्म में आकाश सोनी, लक्षित झांजी, ज्योत्सना ताम्रकार और सुमन पटनायक ने प्रमुख भूमिका निभाई है। फिल्म में पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, संजय महानंद, प्रोजेक्ट हेड पूरन किरी, अंजली चौहान ने अभियान किया है। फिल्म के निर्देशक ने बताया कि इस बार हमने कॉमेडी जॉनर लिया है। यह फिल्म हंसी-मजाक के साथ दर्शकों को संदेश भी देगी। इससे पहले गंगासागर ने फिल्म वैदेही बनाई थी, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया।

## रेडियो श्रोता दिवस का आयोजन 20 को

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के सिविल लाइन स्थित वृंदावन हाल में 20 अगस्त को दोपहर 2 से शाम 6:00 बजे तक रेडियो श्रोता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन ओल्ड लिस्नर्स ग्रुप आफ छत्तीसगढ़ जोन द्वारा किया जा रहा है। क्लब के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल देवांगन ने बताया कि इस मौके पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रेडिया श्रोता दिवसी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, विशेष अतिथि आकाशवाणी रायपुर के पूर्व निर्देशक लखन लाल भौर्य होंग। कार्यक्रम में, संदीप तिवारी, ओल्ड लिस्नर्स के मुख्य संरक्षक लक्ष्मी नारायण लाहोटी, शहडोल मध्यप्रदेश के सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार पवन छिब्बर, आकाशवाणी रायपुर के वरिष्ठ उद्घोषक प्रकाश उदय, बलौदाबाजार प्रेस क्लब के संरक्षक रामाधार पटेल सहित श्रोतावृंद उपस्थित रहेंगे।

## लायंस क्लब ने की दोषियों को मृत्युदंड देने की मांग



**रायपुर।** कोलकाता में हुए रेप केस के विरोध में शनिवार को लायंस क्लब रायपुर की एक बैठक हुई। इस बैठक में क्लब के संरक्षक रिपुदमन सिंह पुसरी और क्लब के अध्यक्ष मोहन सिंह छाबड़ा ने कोलकाता में हुए रेप केस का पुरजोर विरोध करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया। साथ ही दोषियों को जल्द से जल्द मृत्युदंड देने की मांग की है। साथ ही लायंस क्लब के अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल को एक पत्र लिखकर डॉक्टरों के सम्मान और उनकी संपूर्ण सुरक्षा पर अपना समर्थन देने का वादा किया है और यह भी विश्वास दिलाया कि लायंस क्लब रायपुर प्रेरणा हर समय डॉक्टरों की सुरक्षा और उनके आत्मसम्मान के लिए तत्पर रहेगा। यह जानकारी क्लब के सचिव लायन इंद्रसेन अग्रवाल ने देते हुए बताया कि बैठक में भारी संख्या में क्लब के सदस्य शामिल थे।

# छत्तीसगढ़ में दो नई रेल लाइन परियोजनाओं के अंतिम सर्वे और डीपीआर निर्माण की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


**अलग खबर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ में दो नई रेल लाइन परियोजनाओं के अंतिम सर्वे और डीपीआर निर्माण की स्वीकृति मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा, इससे छत्तीसगढ़ का रेल इंफ्रास्ट्रक्चर और अधिक मजबूत होगा।

उल्लेखनीय है कि रेल मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ में दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के अंतर्गत 16 करोड़ 75 लाख रुपये लागत की कुल 670 किलोमीटर लंबी 2 नई रेल लाइन परियोजनाओं के अंतिम सर्वे और डीपीआर निर्माण की स्वीकृति दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा, इन दो रेल लाइन परियोजनाओं में से गढ़चिरौली से बीजापुर होते हुए बचेली तक 490 किलोमीटर की नई रेल लाइन के सर्वे को मिली स्वीकृति बस्तर के सर्वसमावेशी विकास की गति को कई गुना बढ़ाने वाली है। सर्वे के लिए रेल मंत्रालय ने 12 करोड़ 25 लाख रुपये स्वीकृत किये हैं। इससे बस्तर के सुदूर अंचल के लोग उच्च शिक्षा, रोजगार, बेहतर स्वास्थ्य और अपने उत्पादों की बिक्री के लिए रेलमार्ग से सीधे शहर से जुड़ेंगे। समूचा बस्तर क्षेत्र विकास के उच्च आयामों को छुएगा।

### कोरबा से अम्बिकापुर और गढ़चिरौली से बीजापुर होते हुए बचेली तक दो नयी रेल लाइन का होगा अंतिम सर्वे



### कोरबा-अंबिकापुर तग 180 रेल लाइन सर्वे

वहीं कोरबा से अंबिकापुर तक 180 किलोमीटर की नई रेल लाइन के सर्वे को मिली स्वीकृति कोरबा और सरगुजा के सर्वसमावेशी विकास की गति को कई गुना बढ़ाने वाली है। इसके सर्वे के लिए रेल मंत्रालय ने 4.50 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश में रेल सुविधा के क्षेत्र में इन दोनों सर्वे को मिली स्वीकृति क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगी, जिससे बस्तर और सरगुजा संभाग में रेल्वे सहित सभी क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही इनसे हजारों-लाखों लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## हरिभूमि के खुलासे के बाद प्रशासन एक्शन मोड पर

# राशन दुकान में चावल के खेल पर रोक लगाने विभाग सख्त, निलंबन और एफआईआर भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खबर का असर**

उचित मूल्य की राशन दुकान में हितग्राही से चावल की खरीदी करना अब दुकान संचालक को भारी पड़ेगा। प्रशासन के निर्देश पर खाद्य विभाग अब चावल की खरीदी-बिक्री करने वाली दुकान को निलंबित करने के साथ उसके संचालक के विरुद्ध एफआईआर भी कराएगा। यही नहीं, आवश्यकता पड़ने पर दुकान को बर्खास्त कर संचालक का नाम ब्लैक सूची में दर्ज किया जाएगा। इसके बाद संचालक दोबारा कभी भी राशन दुकान के लिए आवेदन नहीं कर पाएगा।

हरिभूमि ने हाल ही में राजधानी रायपुर के अमलीडीह इलाके में एक राशन दुकान में हितग्राही से चावल खरीदी करने की खबर प्रकाशित की थी। इस खबर के बाद विभाग में हड़कंप मच गया था, क्योंकि चावल के इस खेल का विडियो भी सामने आया था। विभाग ने इस मामले में तत्काल जांच करते हुए दुकान को निलंबित भी कर दिया है, लेकिन इस खबर से विभाग की बदनामी होने लगी थी, जिससे सबक लेते हुए विभाग ने अब भविष्य में कोई संचालक ऐसी गलती न करे, इसके लिए दुकान को निलंबन के साथ उसके संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्णय लिया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि शासकीय राशन दुकान में इस तरह की गड़बड़ी करने पर एफआईआर दर्ज करने का प्रावधान है। इसके तहत अब कोई भी दुकान संचालक चावल की खरीदी-बिक्री करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

**राशन में खेल, दुकान सस्पेंड**

- हितग्राही से चावल खरीद कर बदले में दे रही थी पैसे
- इस पूरी घटना का हरिभूमि के ...

वितरण के बाद संचालक ही हितग्राही से खरीद रहा 18-20 रुपए किलो में चावल

### एफआईआर एवं बर्खास्त भी करेंगे

राशन दुकान में चावल की किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या खरीदी-बिक्री की शिकायत आती है और जांच में संचालक या कर्मचारी दोषी पाया जाएगा तो दुकान निलंबन के साथ संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। जरूरत पड़ने पर बर्खास्ती की कार्रवाई भी करेंगे।

*- भूपेंद्र मिश्रा, जिला खाद्य नियंत्रक*

### बर्खास्तगी की भी होगी कार्रवाई

राशन दुकान में चावल की खरीदी-बिक्री करने वाली दुकान को अब तक निलंबन किया जाता रहा है, लेकिन प्रशासन की सख्ती के बाद दुकान को बर्खास्त भी किया जाएगा। इसके बाद दुकान संचालक का नाम ब्लैक सूची में शामिल हो जाएगा, जिसके बाद वह कभी भी राशन दुकान आबंटन के लिए आवेदन नहीं कर पाएगा।

### विभाग दे चुका है संचालकों को चेतावनी

चावल की खरीदी-बिक्री मामले में राशन दुकान को निलंबन करने के कुछ दिनों बाद विभाग के अधिकारियों ने जिला खाद्य विभाग कार्यालय में राशन दुकान संचालकों की बैठक ली थी। इस बैठक के दौरान संचालकों को चेतावनी दी गई है कि अगर किसी भी प्रकार की दुकान में चावल की गड़बड़ी या खरीदी-बिक्री की शिकायत आएगी तो निलंबन के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी, इसलिए पूरी इमानदारी के साथ दुकान का संचालन करें।

### चावल घोटाला मामले में दो दुकान पर पूर्व में हो चुकी है एफआईआर

दो साल पहले चावल घोटाला मामले में भी विभाग ने अभनपुर क्षेत्र के दो राशन दुकान को निलंबन करने के साथ उसके संचालकों के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके अलावा 4 राशन दुकानों को निलंबित भी किया गया है। इन दुकानों के संचालकों से चावल की रिकवरी करने के लिए चावल के बदले चावल या उसके बदले राशि जमा करने के निर्देश विभाग द्वारा दिए गए थे, लेकिन इसके बाद भी इन दुकान संचालकों ने न चावल लौटाया और न ही बदले में राशि लौटाई। इस कारण इन दुकानों को निलंबित कर दिया गया है। हालांकि इसके अलावा 35 दुकानों से अभी भी रिकवरी की जानी है। इन दुकानों के संचालक भी लगातार विभाग के निर्देश की अवहेलना की जा रही है, जबकि इन सभी दुकानों के खिलाफ आरआरसी तक जारी हो चुका है। विभाग अब इन दुकानों को भी निलंबन करने की तैयारी में है।

## तेलीबांधा मुक्तिधाम में सुविधा की कमी, शेड नहीं होने से गीली लकड़ियां, बैठने लिए बेंच नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



फाइल फोटो

राजधानी के देवेंद्र नगर और मारवाड़ी मुक्तिधाम की तर्ज पर तेलीबांधा मुक्तिधाम में आवश्यक सुविधा की जरूरत है। यहां शेड की कमी होने से बारिश के समय अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियां गीली मिल रही हैं, इसके चलते गरीब जनता को अंतिम संस्कार के कार्य में ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। घाट में जनता के बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में बेंच नहीं है। साई दर्शन आवासीय समिति साई नगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने शासन प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया है।

- साई दर्शन आवासीय समिति ने शासन का ध्यान आकर्षित कराया

देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम में व्यवस्था सुधारने सहित शहर के सभी मुक्तिधामों को अच्छा बनाने के लिए समाजसेवी डॉ देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, ने जनप्रतिनिधियों का ध्यान केंद्रित करते हुए कहा है कि तेलीबांधा मुक्तिधाम की बदहाली के चलते बारिश के समय लोगों को गमी के समय काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहां पहुंचने वाली जनता के लिए बड़ा शेड का अभाव है, वर्षाकाल के कारण वहां पर अंतिम संस्कार करने के लिए लकड़ियां भीगी हुई और अंदर से पहले से ही गीली मिल रही है इसलिए चिता पर अग्नि भी बड़ी देरी के बाद लगती है। इस ओर ध्यान दिया जाना बहुत जरूरी है। दाह संस्कार संपूर्ण होने तक वहां बड़ा सा शेड निर्माण जाये। पेयजल की व्यवस्था के लिए बड़ा वाटर कूलर और नल भी एक से अधिक लगाना जाये। सोलर लाइट सीमित एरिया में है जिससे प्रकाश की समुचित व्यवस्था नहीं हो पा रही है। इसलिए वहां हाई पावर आधुनिक लाइट लगाया जाये।

मुक्तिधाम के नीचे की पूरी जमीन और रास्तों पर पेवर ब्लॉक्स लगाने जाने की जरूरत है। मुक्तिधाम में सुरक्षा व्यवस्था भी राउंड द क्लॉक करना चाहिए, ताकि नशा करने वालों पर नजर रखी जा सके।

## कोलकाता रेप-मर्डर का विरोध, निकाला शांति मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोलकाता में एक ड्यूटीरत महिला डॉक्टर की हत्या और रेप के विरोध में शनिवार को एमजीएम नेत्र संस्थान के सभी विशेषज्ञ, पीजी स्टूडेंट्स और सभी स्टॉफ ने शांति मार्च निकाला। इस मौके पर संस्थान की डायरेक्टर दीपशिखा अग्रवाल ने कहा, संस्थान समाज के सभी वर्गों से अपील करता है कि इस तरह की आपराधिक घटनाओं से बचाव के लिए कदम उठाएं, जिससे हर बच्ची एवं महिला को एक सुरक्षित वातावरण मिले, ताकि वे आगे बढ़ें और अपना कार्य कर सकें।

## महाराष्ट्र मंडल में होमियोपैथी स्वास्थ्य शिविर आज

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की स्वास्थ्य समिति द्वारा 18 अगस्त को चौबे कॉलोनी स्थित मंडल भवन में होमियोपैथी स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर सुबह 10.30 से दोपहर 1.30 बजे तक जारी रहेगा। इस संबंध में स्वास्थ्य समिति प्रमुख प्रशांत बक्षी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज गोंदिया की सीनियर आफिसर डॉ. इल्तियाशा मिश्रा (बीएचएस, सीजीओ, सीसीएच) स्वास्थ्य समिति द्वारा आयोजित शिविर में मरीजों सहित आमजनों को भी परामर्श देंगी। वे चर्मरोग जैसे सोयारेसिस, दाद, एलर्जी, स्त्रीरोग जैसे पीकाड, अनियमित माहवारी, बच्चेदानी के छाले, ओवरी गांठ, बच्चादानी में गांठ के साथ वात, मधुमेह और हृदयरोग से संबंधित रोगों के संबंधित निशुल्क परामर्श देंगी।

# फसल उत्पादन में वृद्धि के लिए राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान ने किए अनुसंधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, छत्तीसगढ़ के किसान साथी जैविक तनाव या बायोटिक स्ट्रेस जैसी गंभीर परिस्थिति से निपटने के लिए रणनीति बनाकर आधुनिक तकनीक के माध्यम से बेहतर कार्य कर रहे हैं। जैविक तनाव से तात्पर्य पौधे पर जीवित जीवों के हानिकारक प्रभाव से है, जिसमें कीड़े, कवक, बैक्टीरिया, वायरस और अन्य रोगजनक शामिल हैं। उन्होंने कहा, कृषि में जैविक तनावों पर बुनियादी, रणनीतिक और अनुकूल अनुसंधान के माध्यम से छत्तीसगढ़ की भूमि से अधिक से अधिक अन्न उपार्जित कर प्रदेश में भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित कर पायें इस उद्देश्य से 7 अक्टूबर 2012 को इस संस्थान की यहां आधारशिला रखी गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस संस्थान को 28 सितंबर 2021 को राष्ट्र को समर्पित किया था।

- विस अध्यक्ष डॉ. रमन लाभार्थी किसान सम्मेलन में हुए शामिल

राजधानी रायपुर के समीप ग्राम बरौंडा में स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान द्वारा आयोजित लाभार्थी किसान सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष सहित अतिथियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत प्रबंधन संस्थान परिसर में रूद्राक्ष का पौधा रोपण किया। डॉ सिंह ने इस दौरान प्रतीक स्वरूप पांच किसानों को कृषि यंत्र पावर रिपर, तेलघानी यंत्र, स्प्रेयर पंप का वितरण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने लाभार्थी किसान सम्मेलन तब से लेकर अब तक इस संस्थान ने कई अनुसंधान किये, कृषि जगत में निरंतर छत्तीसगढ़ के किसानों की बेहतर फसल के लिए काम किये और ढेरों उपलब्धियां अर्जित की हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि देश में जैविक स्ट्रेस से सालाना लगभग 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपये की कृषि उपज का नुकसान होता है।



### 13 जिलों के गांवों को दिया जा रहा लाभ

प्रदेश के 13 जिलों जशपुर, रायगढ़, कांकेर, राजनांदगांव, बस्तर, महासमुंद, गरियाबंद, कोरबा, सरगुजा, धमतरी, बलौदाबाजार- भाटापारा, दुर्ग और रायपुर अंतर्गत कुल 333 गांवों को परियोजनाओं का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा, इस संस्थान द्वारा अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत कुल 3966 कृषक परिवारों और जनजातीय उप-योजना के तहत कुल 3324 कृषक परिवारों को शामिल किया गया है।

### जैविक कारणों को ढूंढ कर निकाला समाधान- नेताम

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, राजधानी रायपुर के समीप स्थित राष्ट्रीय स्तर का यह भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान द्वारा देश और प्रदेश के किसानों के हित में रणनीति बनाकर जैविक तनाव को कम करने की दिशा में बेहतर काम किया जा रहा है। संस्थान द्वारा किसानों की समृद्धि और उत्पादन में वृद्धि के लिए जैविक कारणों को ढूंढ कर उनका समाधान निकाला जा रहा है।

## सागर को पीएचडी



**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय ने सागर कुमार साहू को पीएचडी की उपाधि दी है। उनके शोध का विषय 'सिन्थेसीस करेक्टेराइजेशन एंड एनॉलिसिस ऑफ न्यू टाइप पेरोवस्काइट एंड आर्गेनोमेटालिक सोलर सेल यूसिंग न्यू टेक्नीक था'। उन्होंने अपना शोधकार्य कलिंगा विवि के भौतिक शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. आलोक वर्मा के मार्गदर्शन में पूरा किया।

नि:संतान दम्पत्ति ध्यान दे
- 32 वर्षो से लगातार IVF, IUI, ICSI, IMSI पद्धति द्वारा नि:संतान दंपत्तियों का माँ बनने का सपना हुआ साकार।
- अनगिनत बॉझपन रोगियों को संतान की प्राप्ति हुई।
- लिमका बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दो बार नाम दर्ज हुआ।
- नई उन्नत तकनीक के साथ उच्च गुणवत्ता वाला उपचार
- कम से कम खर्च में सभी चिकित्सा (IVF) उपलब्ध।
आज ही परामर्श ले
अशोका एडवांस्ड आईवीएफ अस्पताल
पंडरी, मंडी गेट स्थित, रायपुर
9630196021, 9425503700

## गोदड़ीवाला धाम में आज सामान्य सभा



**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा हरदास राम साहेब के 33वें बरसी महोत्सव की तैयारियों को लेकर सामान्य सभा 18 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे प्रारंभ होगी। यह सभा महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में होगी। सभी बाबा भक्तों व सेवादारियों से आग्रह किया गया है कि समय पर पहुंचें व अपने सुझाव, सेवाएं दें। दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी, पवन प्रीतवानी, हरि ईसरानी, सतीष थौरानी, ईश्वर कोडवानी, सुनील कारावानी ने बताया कि मीटिंग के बाद भंडारे का भी आयोजन रखा गया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## पेज 13 के शेष ....

### अफसरों ने कहा, निगम...

सिटी में भी तैयार किए जाएं ताकि महिलाओं को असहज स्थिति में बच्चों को दूध न पिलाना न पड़े। लेकिन सिस्टम कैसे बदलता। इसमें 2 साल से उसमे भी ताला लटका हुआ है। अफसरों से जब कारण पूछा तो उन्होंने कहा यह रोज खुलता है। फिर हरिभूमि ने लगातार तीन दिन वहां जांच की। घड़ी में समय दिखाकर ताले के साथ फोटो भी कराए, ताकि अफसरों को महसूस हो कि यह खुलता नहीं, हमेशा बंद रहता है। **अफसरों ने कहा खुलता है, फिर हमने तीन दिन लगातार जांच की :** हरिभूमि की टीम ने रायपुर नगर निगम के स्तनपान सेंटर पहुंची तो वहा ताला लटका हुआ था, हमने निगम के जिम्मेदारों से इसे खुलवाया, जिसके बाद पता चला की वहां पर रखें खिलौने जस के तस हैं। निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा का कहना हैं कि ये रोज खुलता हैं, और छुट्टी के दिन बंद रहता हैं। हमने लगातार तीन दिन तक रोज जांच की। जिस दिन दफ्तर खुले, उस दिन भी कार्नर बंद मिला।

### 2 साल से नगर...

यूनिसेफ के सहयोग से स्तनपान केंद्र बनाया तो गया लेकिन इसके बावजूद यहां ताला लगा हुआ हैं, स्थित यह हैं अगस्त में 1 से 7 तारीख तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता हैं। लेकिन नगर निगम में 2022 में शुभारंभ के बाद से पोस्टर को भी बदला नहीं जा सका। यहां तक कि सांकेतिक निशान भी दर्शाया नहीं गया, वहीं यहां के लोगों का कहना हैं की अधिकांश वक्त यहां पर ताला लगा होता है।

### मरीन ड्राइव का...

राजधानी वासियों को देने का दावा किया गया है। **निगम को प्रति वर्ष 16 लाख 65 हजार रुपए मिलेगा जमीन का किराया :** स्मार्ट पार्किंग विकसित करने वाली कंपनी 20 साल तक स्मार्ट पार्किंग चलाएगी। नगर निगम को हर साल 16 लाख 65 हजार रुपए अनुबंधित कंपनी स्मार्ट पार्किंग के एवज में जमीन का किराया उसे देगी। शुरुआत में 10 साल के लिए पार्किंग संचालन करने का काम दिया जायेगा। काम संतोषप्रद पाए जाने पर अनुबंध की अवधि आगे और 10 साल के लिए बढ़ाई जा सकेगी।

### आज भी हल्की...

संभावना है। वैज्ञानिकों के अनुसार मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, वनस्थली, शिवपुरी, सीधी, रांची और उसके बाद निम्न दाब के केंद्र तक स्थित है। इसके असर से प्रदेश में आगामी 24 घंटे के दौरान अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा या गरज-चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है। इधर 19 अगस्त को इसके उत्तर -उत्तर पश्चिम दिशा में धीमी गति से बढ़कर बांग्लादेश और उससे सटे गूंगीय पश्चिम बंगाल के ऊपर एक चिन्हांकित निम्न दाब क्षेत्र में परिवर्तित होने की संभावना है। इससे आगामी 3-4 दिनों के दौरान पश्चिम-उत्तर पश्चिम दिशा में गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड व उससे सटे बिहार तथा उत्तरप्रदेश व उससे लगे हुए मध्यप्रदेश की ओर बढ़ने की संभावना है।
पिछले 24 घंटे के दौरान हुई बारिश के आकड़े (से.मी. में) प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान लटोरी-10, लैलूंगा, रामचंद्रपुर-7, रामानुजगंज-6, पुसौर, घरघोडा, राजपुर में 5-5, तमनार, मुकडेगा, सुकमा, शंकरगढ़ में 4-4, कापू, रायगढ़, सक्ती, सारागांव, वाड्रफनगर, खरोरा-रायपुर, पिथौरा, चलगली, भटगांव में 3-3, कुनकुरी, कुमरदा, कुटरू, कुसमी, भिंभोरी, खरसिया, छुईखदान, पल्लारी/पलारी, चांदो, बड़े बचेली, जगरगुंडा, सिमगा, लाभांडी, धरसिवां-रायपुर, मनोरा, कांसाबेल में 2-2 तथा कुछ स्थानों पर इससे कम बारिश दर्ज की गई है।

### सफारी में प्लास्टिक...

से पर्यटकों को जागरूक किया जा रहा है और जलवायु परिवर्तन के उपायों अन्तर्गत रीसाइकल, रीयूज, रीड्यूस के साथ पर्यावरण अनुकूल जीवन पद्धति को आत्मसात करने पर्यटकों को अवगत कराया जा रहा है। प्लास्टिक के बेतहाशा उपयोग से पर्यावरण को क्षति पहुंच रही है। शासन द्वारा भी प्लास्टिक के उपयोग को लगातार हतोत्साहित किया जा रहा है।

**अन्य पर्यटक स्थलों की तरह टोकन प्रथा :** छत्तीसगढ़ के छोड़ अन्य राज्यों की पर्यटक स्थलों में प्लास्टिक सामान साथ ले जाने पर पर्यटकों से एक निश्चित राशि जमा कराकर टोकन दिया जाता है। साथ ही एंट्री की जाती है कि पर्यटक अपने साथ क्या-क्या प्लास्टिक के सामान अंदर ले जा रहे हैं। वापस लौटने पर अनुपयोगी प्लास्टिक सामान को गिनती कर एक डस्टबिन में डालना पड़ता है। इसके बाद टोकन जमा करने पर पैसा वापस दिए जाते हैं। सफारी के डायरेक्टर उसी तरह की प्रथा जंगल सफारी में भी लागू किया जाएगा। इसके साथ ही जंगल सफारी को मंगलवार से रविवार तक सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक खुला रखने का निर्णय लिया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 तक, 28 जनवरी से 02 फरवरी 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकामेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 18 अगस्त 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



दिव्यांगजनों की कारीगरी से सजा ....

## लाइव इवेंट

### फ्रेशर पार्टी में जूनियर ने लगाए ठुमके बॉलीवुड सांग्स पर जमकर थिरके



**रायपुर।** महंत कॉलेज में शनिवार को सीनियर ने जूनियर स्टूडेंट्स के लिए फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई। छात्राएं पारंपरिक और वेस्टर्न परिधान में गीत गाती, ठुमके लगाती नजर आईं। छात्राओं ने जहां सुरीले गीतों से अपने सीनियर्स को मोहित किया, वहीं बॉलीवुड के कई सांग पर नृत्य कर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। पार्टी में छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति दी। कई बॉलीवुड सांग पर प्रथम वर्ष की छात्राओं ने नृत्य कर समां बांध दिया। छत्तीसगढ़िया आदिवासी गीतों के साथ-साथ रिमिक्स गानों पर डांस कर सभी को खूब थिरकाया। जूनियर छात्रों ने फ्रेशर पार्टी में छात्राओं संग सिंगिंग और नृत्य की प्रस्तुति से जलवे बिखेरे। विभिन्न प्रतियोगिता में जीतने के लिए खूब जद्दोजहद की। अन्य गेम में खूब मनोरंजन किया और तालियां बटोरीं।



#### डीजे की धुन पर घंटों झूमे

कार्यक्रम में डीजे की धुन पर छात्रों ने जमकर डांस किया। कार्यक्रम में गौसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महंत रामसुंदर दास व प्रबंध समिति अध्यक्ष अजय तिवारी, सचिव अनिल तिवारी, उपाध्यक्ष आरके गुप्ता व डॉ. देवाशीष मुखर्जी उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. किरण अग्रवाल ने अपनी पंक्तियों से सभी को गुदगुदाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. किरण अग्रवाल व अन्य कमेटियों ने इस दायित्व को बखूबी निभाया।

## सिटी इवेंट

### शिव भक्ति गीतों पर महिलाओं की प्रस्तुति, झूले का उठाया लुत्फ




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज सुंदर नगर की ओर से शनिवार को अग्रोहा कॉलोनी में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचीं। सावन उत्सव में महिलाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए अन्य लोगों का भी मनोरंजन किया। सभी ने सावन झूले का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद जैसे ही युवतियों ने सावन और भगवान भोलेनाथ के गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी, हर कोई शिवजी की भक्ति में झूम उठा। हर-हर शंभू.., सावन में मोरनी.., चांद का मुखड़ा.., जैसे गीतों में महिलाओं ने अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

#### दिया हरियाली का संदेश

सावन उत्सव में महिलाओं में रैंपवॉक करते हुए हरियाली का संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी हरे रंग की साड़ी में सज-धज कर पहुंचीं थीं। इस दौरान प्रतियोगिता में डॉ. संध्या तिवारी प्रथम, दूसरे स्थान पर दुर्गा उपाध्याय, तीसरे स्थान पर शशि तिवारी विजेता रहीं। सावन क्वीन प्रियंका तिवारी को चुना गया। अन्य खेलों में प्रथम दुर्गा उपाध्याय, द्वितीय विजयलक्ष्मी शर्मा एवं तीसरा स्थान संध्या तिवारी ने प्राप्त किया। ब्राह्मण महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ. संध्या शिवेंद्र तिवारी, विजयलक्ष्मी शर्मा, आभा दिवाकर तिवारी, सुषमा तिवारी, उषा दुबे समेत अन्य उपस्थित रहीं।







बृज तज बैकुंठ न जाऊं..., नैनम कमलम..., जैसे भक्तिरस से ओतप्रोत भजनों की स्वर लहरी से सजे मंच पर भारतीय कला संस्थान जयपुर से आए अशोक शर्मा एंड पार्टी ने बृजधाम वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इसके चलते टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर के नवनिर्मित श्री श्री राधारास बिहारी मंदिर के तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की रात गौरांग प्रभु की भक्तिरस में हजारों की तादाद में मौजूद भक्तों पर कृष्ण प्रेम का ऐसा रंग चढ़ा कि लोग इसमें डूबते चले गए।

### शनिवार को इस्कॉन में भारतीय कला संस्थान जयपुर के कलाकारों ने जमाया रंग

# बृज वंदना से सजा मयूर रास, भक्तिरस में डूबा इस्कॉन धाम



**रायपुर।** इस महोत्सव में सांस्कृतिक एवं भक्तिमय छटा बिखेरते हुए मंजे हुए कलाकारों की टोली ने रात 10 बजे तक लोगों को मयूर रास के बाद ठाकुरजी के साथ फूलों की होली खेलने और उत्सव मनाने का अवसर भी दिया। कृष्ण की भावपूर्ण नृत्य ने हर किसी का मन मोह लिया।

#### सुबह से दोपहर तक हुई पूजा

इस्कॉन मंदिर में शनिवार को सुबह 4 बजे मंगल आरती के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू हुआ। इस्कॉन मंदिर टाटीबंध के अध्यक्ष एचएच सिद्धार्थ स्वामी, उपाध्यक्ष सुलोचन कृष्ण दास, जनार्दन दास ने इसकी अगवाई की। वहीं महोत्सव कमेटी के चेयरमैन राजेश अग्रवाल, वाइस चेयरमैन शुभम सिंघल ने बताया कि महोत्सव के लिए 21 कुंड बनाए गए हैं। हवन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला। इसके बाद महाप्रसाद वितरित किया गया। मीडिया प्रभारी दिलीप केडिया व राजेंद्र पारख ने बताया कि सुबह से रात 10 बजे तक मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल रहा।





#### आज विग्रह की रेशम वस्त्र शैय्या



मीडिया प्रभारी ने आगे बताया कि महोत्सव की कड़ी में दूसरे दिन यानी रविवार की सुबह 4.30 बजे मंगल आरती होगी। इसके बाद श्रृंगार आरती व गुरु पूजा होगी। सुबह 8 से 9 बजे के बीच श्रीमद भागवत कथा होगी। इसके बाद 9 से दोपहर 12 बजे तक हवन पूजा होगी। वहीं शाम साढ़े 6 बजे लीला द स्पिरिचुअल रॉक बैंड मुंबई के कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाएगी।

### कृष्ण भक्ति में यूक्रेन के बिजनेसमैन अनंत राम ने छोड़ दिया घर, इस्कॉन मंदिरों में दे रहे हैं सेवा

*भारत के युवा जहां पाश्चात्य संस्कृति में रचते-बसते जा रहे हैं, वहीं यूक्रेन के बिजनेसमैन ने 14 साल पहले दीक्षा लेते हुए नाम ही नहीं, बल्कि पाश्चात्य जीवन शैली से तौबा कर ली। अब वे भारत के 130 इस्कॉन मंदिरों में श्री राधारास बिहारी की भक्ति में रमने के उनके संकीर्तन की अलख जगा रहे हैं। ऐसा करने वाले वे अकेले नहीं, बल्कि केन्या, इंग्लैंड, थाईलैंड और रसिया के भी डाक्टर, इंजीनियर्स भी शामिल हैं। टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर में नव निर्मित भव्य मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल होने आए विदेशी कृष्ण भक्तों ने कई बातें साझा की। राजधानी के चर्चित इस्कॉन मंदिर में इन दिनों श्री श्री राधारास बिहारी इनमें 50 से ज्यादा विदेशी मूल के ऐसे भक्त भी शिरकत कर रहे हैं, जिन्होंने दीक्षा ली है। उनसे स्थानिय दीक्षित तमाल कृष्ण दास के सहयोग से सवालों के जवाब हरिभूमि ने लिया। इंजीनियर की डिग्री प्राप्त करने वाले तमाल कृष्ण ने भी नाम बदल लिया है।*



#### विदेश के लोग सात्विक

यूक्रेन के अनंत राम दास ने बताया कि अब श्री श्री राधारास बिहारी की भक्ति के अलावा किसी दूसरे काम में मन नहीं लगता है।गुरुकुल की व्यवस्था से 14 साल पहले जुड़ा। उसके पहले बिजनेसमैन था, पैसा कमाने के बाद भी आत्म शांति नहीं मिल रही थी। दीक्षा लेने के बाद पुरानी पहचान को भूलाकर कृष्ण भक्ति और सेवा में 38 की उम्र में ही रम चुका हूं। विदेशों में लोग भारत की संस्कृति व सात्विक जीवन को अपना रहे हैं।



#### संस्कार से बेहतर कोई नहीं

केन्या के चैतन्य विष्णु दास ने बताया कि डाक्टर बनने के बाद फैमिली को छोड़कर कृष्ण भक्ति का रास्ता चुना। इसके लिए यहां आने के बाद दीक्षा लेते हुए आध्यात्म का मार्ग चुना। अब इस्कॉन मंदिरों में सेवा देने और कृष्ण भक्ति व यहां के वृन्दावन धाम का दर्शन करने के बाद मोक्ष के लिए कृष्ण की सेवा और उनके बताए रास्ते पर चलने का मन बनाया लिया। यहां की संस्कृति व गुरुकुल के संस्कार से बेहतर कोई दूसरा नहीं है।



#### भक्ति से बेहतर कुछ भी नहीं

इसी तरह इंग्लैंड के भक्ति अर्जन प्रीति वर्धन स्वामी 54 की उम्र में पूरी तरह से कृष्ण प्रेम में लीन हो चुके हैं। अब वे अपने पूराने जीवन के बारे में कुछ बताने के लिए भी तैयार नहीं है। उनका कहना है जिन्हें कृष्ण व बृज से प्रेम हो जाएगा। उनका कोई सुख अच्छा नहीं लगेगा। अब इस्कॉन मंदिर में श्री श्री राधारास बिहारी की सेवा और भक्ति के अलावा संसार के किसी दूसरे काम में आत्म शांति नहीं मिलती, इससे बेहतर कोई नहीं है।



#### सेवा में खुद को समर्पित किया

थाइलैंड के सत्यशची दास ने इंजीनियरिंग करने के बाद भक्ति का रास्ता अपनाया। भारत के बृज धाम का दर्शन करने के बाद अपने देश लौटा, मगर वहां किसी काम में वह सुख नहीं मिला, जो परम सुख कृष्ण भक्ति में मिला। इसके बाद निर्णय लेने के बाद इस्कॉन से जुड़ने के बाद सांसारिक जीवन का ही त्याग करते हुए दीक्षा लेने के बाद 33 की उम्र में ही खुद को श्री राधारास बिहारी की सेवा में ही खुद को समर्पित कर दिया।

### हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन द्वारा पुलिस लाइन में जवानों को बांधी गई राखी

# बहनों ने 700 पुलिस और वीर जवानों की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र, शगुन में रुपए के बदले मांगा सुरक्षा का वचन

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** रक्षाबंधन पर्व से पहले शनिवार को हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन द्वारा पुलिस लाइन में जवानों को रक्षासूत्र बांधकर राष्ट्ररक्षा का संकल्प दिलाया। 700 से अधिक पुलिस व सेना के वीर जवानों को चंदन तिलक कर कलाई में बहनों ने राखी बांधी। इस दौरान जवानों ने कहा कि घर से दूर होने के बाद भी बहनों का प्यार मिल रहा है। हमारे लिए यह खुशी के पल हैं। राखी के समय घर की याद आती है। कार्यक्रम के जरिए बहनों ने रक्षासूत्र बांधकर दिन को सफल बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना और राज्यगीत से हुई। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सभी की आंखें नम कर दीं। कार्यक्रम में रायपुर सहित आसपास के सभी वीर जवान मौजूद थे, जिनमें पीटीएस माना, बटालियन, रक्षावाहिनी, यातायात पुलिस, क्राइम ब्रांच, साइबर सेल सहित अन्य सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।





#### जवानों से बांटीं खुशियां

कार्यक्रम के जरिए बहनों ने जवानों से खुशियां बांटीं। संस्था के संरक्षक मनोज गोयल व प्रदेश उपाध्यक्ष उदित अग्रवाल ने संस्था के कार्यों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आईजी दुर्ग रामगोपाल गर्ग, एसएसपी डॉ. संतोष सिंह, एआईजी संजय शर्मा समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में महिला विंग प्रदेश सचिव बबीता अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष पायल जैन, सह कोषाध्यक्ष द्वय ज्योति अग्रवाल, सुनीता पाण्डेय, श्रुति श्रीवास्तव, प्रीति गोयल, तानिया बंसल, अंजली उदित अग्रवाल, सृष्टि नवीन जालान, वर्षा कबुलपुरिया, गरिमा गोयल, परी सिंह शामिल रहीं।

#### बहनों की रक्षा का दिया वचन

संस्था की महिलाओं ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधी और उनसे अपनी रक्षा का वचन लिया। राखी बांधने से हर्षित पुलिसकर्मियों ने भी उन्हें उपहार भेंट कर रक्षा करने का संकल्प जताया। कार्यक्रम के जरिए संस्था ने संदेश दिया कि पुलिसकर्मी पूरी मेहनत व ईमानदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करते हैं। अधिकांश पुलिस जवान अपने घर से दूर रहते हैं। ऐसे में हमें उनके सुख-दुख में आगे आना चाहिए। बहनों ने शगुन में रुपए के बदले सुरक्षा का वचन मांगा।

#### केंद्रीय जेल में कैदियों को बांधी राखी



अखिल विश्व गायत्री परिवार की महिलाओं ने केंद्रीय जेल में कैदियों को राखी बांधी। इस दौरान महिलाओं ने पूजा कर रक्षासूत्र बांधकर कैदियों को मिठाई खिलाई। कोरोना संकटकाल के बाद से ही जेलों में बंद अपने कैदी भाइयों की कलाई पर बहनें राखी नहीं बांध पा रही थीं। मीडिया प्रभारी अमित डोये ने बताया कि गायत्री परिवार ने कैदियों को राखी बांधकर बहनों की कमी दूर की।

## धर्म लाइव

# जगन्नाथ प्रभु व भगवान बलभद्र को पहली बार 21 सौ बहनें बांधेंगी राखी



रायपुर। इस बार गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में पुरी की तर्ज पर जगन्नाथ प्रभु को पहली बार 18 अगस्त को पुरी से आई राखी बांधी जाएगी। इसके साथ ही स्कूल, कॉलेज की छात्राओं सहित 21 सौ महिलाएं भगवान जगन्नाथ और बलभद्र को राखी बांधेंगी। इसके लिए रथयात्रा महोत्सव की तरह ही जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा गर्भगृह में सुबह 10 बजे पूजा-अर्चना के बाद बाहर आएंगे। दोपहर को पट बंद होने से पहले रक्षाबंधन से एक दिन पहले ही भगवान को राखी बांधने की परंपरा पुरी की तर्ज पर निभाई जाएगी। यह जानकारी शनिवार को मंदिर परिसर में आयोजित पत्रकारवार्ता में मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष एवं विधायक पुरंदर मिश्रा ने दी। बलभद्र ने श्रवण नक्षत्र की मकर लग्न में गम्हा पूर्णिमा को जन्म लिया था, इसलिए पहले उन्हें राखी बांधी जाती है।

### पुरी की चार राखियां पहले बंधेंगी

उन्होंने आगे बताया कि इस दिन देवी सुभद्रा अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं। पतारा बिसोई सेवकों के सदस्य इस अवसर पर चार राखियां बनाते हैं। जगन्ननाथ की राखी लाल और पीले रंग से रंगी जाती है। वहीं भगवान बलभद्र की राखी नीले और बैंगनी रंग की होती है। पुरी में गम्हा पूर्णिमा के दिन मंदिर में भगवान बलभद्र का जन्म समारोह मनाया जाएगा। इसके पहले पुरी से चार राखियां मंदिर को प्राप्त हुई हैं। इनको सबसे पहले भगवान को बांधा जाएगा। इसके बाद भक्त बहनें भी राखी बांधने की परंपरा निभाएंगी।

## देश के 20 राज्यों के चुनिंदा दिव्यांग कलाकारों ने लगाया स्टॉल, मेले में दिखा हौसले का प्रदर्शन


# दिव्यांगजनों की कारीगरी से सजा मेला, मूक-बधिर की पेंटिंग व शतरंज की मैग्नेटिक प्लेट अनूठा शिल्प

राज्य सरकार द्वारा दिव्य कला मेला का आयोजन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य देशभर के दिव्यांगों को कला के क्षेत्र में मंच प्रदान करना है। यहां ओडिशा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, बंगाल, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, अहमदाबाद जैसे राज्यों-शहरों से लोगों ने स्टॉल सजाए हैं। दिव्य कला मेले की शुरुआत 16 अगस्त को हुई, जिसका समापन 23 अगस्त किया जाएगा।





रायपुर। कलाकारों द्वारा अद्भुत प्रदर्शनी देख समापन तारीख में एक दिन की बढ़ोतरी की गई है। मेले में 80 से अधिक स्टॉल सजाए गए हैं, जिसमें साड़ी, कुर्ती, खिलौना, पंजाबी जूती, जूट ज्वेलरी, पर्स, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, सजावटी वस्तुएं, पेंटिंग व अन्य आर्ट के स्टॉल सजाए गए। प्रदर्शनी में कुछ मूक-बधिर व्यक्तियों ने भी स्टॉल सजाया है, जिनकी कला दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में सुबह 11 बजे से देर रात तक प्रदर्शनी का संचालन किया जा रहा है। जहां रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।



### स्पेशल स्कूल के छात्रों का स्टॉल

शहर स्थित सृष्टि स्पेशल स्कूल से मानसिक रूप से कमजोर छात्रों ने स्टॉल सजाया, जिसमें दीपक, कलश, जूट से बनी वस्तुएं उपलब्ध हैं। शिक्षिका मीना गोस्वामी व छात्र युग देवांगन ने बताया, दुकान में उपस्थित सभी वस्तुओं को शिक्षकों की सहयोग से छात्रों द्वारा ही बनाया गया है। समान्य-सा दिखने वाला दीपक तैयार करने में भी दो से तीन दिनों का वक्त लगता है, जिसमें रोजाना एक-एक प्रक्रिया छात्रों को सिखाई जाती है।

### मूक-बधिर मां की मदद के लिए बेटी मौजूद

मूक-बधिर दुकान संचालक काजल प्रकाश कुमारी सिंधी द्वारा क्यूबिज्म पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई गई। संचालिका की बेटी भव्या पंजवानी ने बताया, एक पेंटिंग तैयार करने में 2-3 दिनों का वक्त लगता है। बीते 4 सालों से मां काजल द्वारा पेंटिंग कला की शुरुआत की गई, मां ने अपनी बड़ी बहन से प्रेरणा लेकर इसकी शुरुआत की। अहमदाबाद निवासी कलाकार ने क्यूबिज्म पेंटिंग की सहायता से अद्भुत कला तैयार की, जो खरीदारों के लिए आकर्षण का केंद्र है। मूक-बधिर महिला के स्टाल पर नन्ही बेटी अहम भूमिका निभा रही है, जो मां की बातों को समझकर ग्राहकों को पेंटिंग की जानकारी दे रही है।




### शतरंज बोर्ड की कीमत 1700 रुपए

बनारस निवासी रामनिवास ने दिव्य कला मेले में पारंपरिक खिलौनों की दुकान सजाई है, जिसे शीशम, सागौन, नीम, कौरेया, बबूल, कैमा आदि लकड़ियों से बनाया गया है। दुकान संचालक ने बताया, कई पीढ़ियों से परिवार के सदस्यों द्वारा यह कार्य किया जा रहा है, जिसमें पारंपरिक तरीके से लकड़ियों व चिकनी मिट्टी की सहायता से खिलौने व सजावटी वस्तुएं सजाई जाती हैं। मेले में 1700 रुपए का चेसबोर्ड भी है, जो दुकान का सबसे महंगा खिलौना है, जिसे कैमा, शीशम व मैग्नेटिक प्लेट की मदद से तैयार किया गया है। शतरंज के चौपाट में मैग्नेटिक प्लेट लगाया गया है, जिसमें चौरस के खोने का खतरा नहीं रहेगा।



### स्पेशियल स्कूल के बच्चों की पर्रा में पेंटिंग

संवेदना स्पेशियल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा स्टॉल सजाया गया है। नीला शर्मा ने बताया, स्कूल में विद्यार्थियों को बचपन से कलाओं के साथ जोड़ा जाता है। स्टॉल में झाड़ू, बाती, दीपक, क्रॉफ्ट व सजावटी वस्तुएं समेत 25 अन्य प्रकार की वस्तुएं उपलब्ध हैं, जिसे हैंडमेड ही तैयार किया गया है। छात्रों ने सूपा, टोकरी व पर्रा में पेंटिंग की है। इसकी कीमत 10 रुपए से 500 रुपए तक है।

## सिटी लाइव

# राज भवन के 'स्वागत समारोह' में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियां हुईं शामिल



रायपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यहां राजभवन में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियां शामिल हुईं। राज्यपाल रमेन डेका ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल श्री डेका को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रदेश की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी उपस्थित थीं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व, खेलकूद एवं युवक कल्याण, मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य विधायक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। समारोह में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित मदन सिंह चौहान, शमशाद बेगम, डॉ. राधेश्याम बारले, उषा बारले, स्वामी जीसीडी भारती, विधायक अनुज शर्मा उपस्थित थे। स्वागत समारोह में शहीदों के परिजन, वीरता पुरस्कार से सम्मानित पुलिस के अधिकारी, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियां, ब्रह्माकुमारी बहनें मौजूद थीं।

### स्वतंत्रता दिवस की दी बधाई

समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के आयुक्त एनके शुक्ला, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग डॉ. सुशील त्रिवेदी, पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड, इतिहासकार डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्रा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले, सुब्रत साहू, मनोज पिंगुआ, राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, राज्यपाल के विधिक सलाहकार भीष्म प्रसाद पाण्डेय, राज्यपाल की संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, सेना के वरिष्ठ अधिकारी, विश्वविद्यालयों के कुलपति, मीडियाकर्मी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# देवी मंदिर की मिट्टी से 11 हजार पार्थिव शिवलिंग का निर्माण



रायपुर। समग्र ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा सार्वजनिक रूप से 11 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक पूजन का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे से महामाया मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। जहां जामगांव के देवी मंदिर से लाई गई मिट्टी से 11 हजार शिवलिंग का निर्माण किया गया। इस अवसर पर 200 से अधिक परिवारों के सदस्य पूजन में शामिल हुए। वैदिक पं. लक्ष्मण तिवारी, वैदिक पं. खिलेंद्र पांडेय, पं. अभय तिवारी व पं. हेमंत नंदे द्वारा पूजन कराया गया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भावेश शुक्ला, पं. शैलेन्द्र रिछारिया, अर्चना दीवान, प्रमिला तिवारी, पं. विवेक दुबे, पं. रामानुज तिवारी, पं. प्रेमशंकर शुक्ला, आरती शुक्ला और पं. गौरव मिश्रा उपस्थित रहे।

### 11 हजार पार्थिव शिवलिंग का निर्माण, रुद्राभिषेक



प्रवक्ता डॉ. आरती उपाध्याय ने बताया, सार्वजनिक रूप से पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक का चौथा वर्ष रहा। सुबह से दोपहर 12-1 बजे तक लगातार रुद्राभिषेक किया गया, जिसके पश्चात दोपहर 3.30 बजे महाआरती की गई। शाम 5 बजे मिट्टी से निर्मित पार्थिव शिवलिंग का विसर्जन दूधाधारी मंदिर के नजदीक स्थित महाराजबंध तालाब में किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक स्तर पर पूजन करना है, इससे लोगों का आपसी भाईचारा बढ़ता है। साथ ही लोगों में सकारात्मक विचार का निर्माण होता है।




# बोर्ड परीक्षा में रोजाना 16 घंटे पढ़ाई कर किया टॉप, समाज ने किया सम्मानित

रायपुर। छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले प्रदेश के 22 मेधावी सिख विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसमें दसवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी शामिल रहे, जिन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। खालसा स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में राजधानी रायपुर, अंबिकापुर, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, भाटापारा, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, बसना के विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर दसवीं में जशनमीत, अवनीत कौर, बलजीत सिंह को गोल्ड मेडल व अमनदीप सैन्डो, हरलीन कौर बेदी को सिल्वर मेडल तथा प्रशस्तिपत्र दिया गया। बारहवीं से साहेब सिंह, नैशा उबवेजा, हरकीरत कौर को गोल्ड मेडल व ऋतिका माखीजा ,निखार जुनेजा को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश आईएस उबोवेजा रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, छात्रों को भारत के न्यायिक सेवा में भी कैरियर बनाने की आवश्यकता है। एसोसिएशन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और पारिवारिक परामार्श के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है, जो सराहनीय है। एसोसिएशन के संयोजक जीएस बॉम्बरा, चेयरमैन डॉ. बीएस छाबड़ा, अध्यक्ष सरदार राजवंत सिंह गरेवाल, सचिव बीएस सलूजा व कोषाध्यक्ष चतर सिंह शामिल रहे।

**दसवीं-बारहवीं के मेधावी विद्यार्थियों को दिए मेडल, प्रशस्तिपत्र भी**

### सेवा करने के लिए डॉक्टर बनने का लक्ष्य

अंबिकापुर से आए विद्यार्थी बलजीत सिंह ने बताया, दसवीं कक्षा में 95.89 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। भविष्य में एमबीबीएस की पढ़ाई कर डॉक्टर बनने का लक्ष्य है। बचपन से अब तक 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जिसके लिए बोर्ड परीक्षा के दौरान 16 घंटे की पढ़ाई करते थे। मानसिक रूप से तनाव कम व पॉजिटिव सोच के लिए रोजाना सुबह शाम पाठ किया। आसपास का वातावरण मुझे पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## समाज इवेंट

# अपनी इंद्रियों पर पाएं विजय आहार का राग तोड़ना बड़ी तपस्या



रायपुर। एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में श्री विनय कुशल मुनिजी के सानिध्य में आत्मस्पर्शीय चातुर्मास चल रहा है। शनिवार सुबह प्रवचन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए विराग मुनि महाराज ने कहा, जिसने अपना मन जीत लिया, उसने सब जीत लिया। तपस्या में भी हम मन से ही कमजोर हो जाते हैं। पारणे में शाही व्यंजन ही करना है, फिर तपस्या के क्या मायने? एक दिन के लिए अन्न-जल त्याग दिया। अगले ही दिन खाने पर टूट पड़े तो कैसा त्याग! कम से कम भोजन का राग तो हमें छोड़ना ही होगा। मैं ये नहीं कहता कि शाही और लजीज व्यंजन मत खाइए।खाइए पर संयमित और संतुलित तरीके से। आहार का राग तोड़ना ही अपने आप में तपस्या है। हम ही इसे नहीं तोड़ पाते। सभी तरह के पाप का कारण इंद्रियां हैं। हमें अपनी इंद्रियों पर विजय प्राप्त करनी होगी। इंद्रियों पर नियंत्रण नहीं है तो यकीन मानिए, यही आपके पतन का कारण बनेगा।

### आज प्रभु वर्धमान पर विशेष प्रवचन

आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख और कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड़ ने बताया कि रविवार सुबह 8.30 से 10.30 बजे तक प्रभु वर्धमान पर विशेष प्रवचन होगा। श्री विराग मुनि ने बताया कि यह जानने और समझने योग्य विषय है। दोपहर में 2.30 बजे से बच्चों और महिलाओं के लिए विशेष शिविर रखा गया है। शिविर का विषय नॉलेज ऑफ ज्ञान, तप, शील है। बसंत लोढ़ा और रमेश जैन ने बताया कि दादा गुरुदेव इकतीसा जाप के तहत रात 8.30 से 9.30 बजे तक भक्ति प्रतिदिन जारी है।

## सावन के अंतिम सोमवार से पहले निकली कांवड़ यात्रा

# कांवड़ यात्रा में भोलेनाथ की झांकियों ने मोहा मन कलाकारों ने शिव स्तुति के साथ किया तांडव

कार्नर न्यूज



### झांकी देखकर श्रद्धालु भी झूमे

भोलेनाथ के गीतों में कलाकारों को झूमते देख श्रद्धालु भी खुद को रोक नहीं पाए और झूमने लगे। कांवड़ यात्रा में भगवान शिव और नंदी की भक्ति पर कलाकारों ने प्रस्तुति दी। दो से तीन घंटे तक इस झांकी को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। इस दौरान रंगबिरंगे कांवड़ व झांकियों के साथ शिवभक्त भगवान भोलेनाथ के भजनों पर कांवड़िए नाचते-झूमते हुए गुजरे। झांकी खत्म होने के बाद लोगों में बाबा मलंग से आशीर्वाद लेने और फोटो खिंचाने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

### कांवड़ यात्रा में गूंजे महादेव के जयकारे

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव व पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में दिव्य व विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा में भगवान हनुमानजी व भगवान शंकर के पूरे परिवार की झांकी के रूप में प्रस्तुतिकरण आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान भक्त झूमते, नाचते हुए मंदिर पहुंचे। दिव्य कांवड़ यात्रा भीमसेन भवन से दोपहर 1 बजे धर्मगुरुओं द्वारा किए जा रहे पूरे विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ व उनके कांवड़ की पूजा-अर्चना कर प्रारंभ हुआ, जिसमें हजारों से भी ज्यादा श्रद्धालुओं का जनसैलाब शंकर भगवान की भक्ति में उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में विकास उपाध्याय के साथ शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, सभापति प्रमोद दुबे, वरिष्ठ कांग्रेसी प्रमोद चौबे, महेश शर्मा, सूर्यमणि मिश्रा, महेंद्र छाबड़ा सहित काफी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए।



रायपुर। अंतिम सावन सोमवार के पहले शनिवार को शहर की विभिन्न जगहों से शिव भक्तों द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली गई। दिनभर कांवड़ियों का मंदिर में भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक का सिलसिला जारी रहा। जोन 10 अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई कांवड़ यात्रा लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। यहां कलाकारों की प्रस्तुति देखने लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हर कोई आकर्षक झांकियों को कैमरे में कैद करते हुए दिखा। इस दौरान झांकी में कलाकारों ने शिव आराधना की प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों ने भगवान भोलेनाथ के भक्ति गीतों शिव स्तुति के साथ तांडव की प्रस्तुति दी। इसके बाद महाश्मशान मणिकर्णिका घाट के तर्ज पर चिता भस्म होली खेलकर लोगों का मंत्रमुग्ध कर दिया। यह यात्रा प्रियदर्शिनी नगर से गोवर्धन चौक से होते हुए महादेवघाट बाबा हाटकेश्वर नाथ मंदिर पहुंची।



## सिटी स्पोर्ट्स

### मल्टी डे क्रिकेट टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की शानदार पारी



रायपुर। क्रिकेट एसोसियेशन ऑफ पुदुच्चेरी द्वारा इंटर स्टेट अंडर-19 मल्टी डे क्रिकेट टुर्नामेंट 11 अगस्त से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा दो दिवसीय मैच 17 और 18 अगस्त पुदुच्चेरी में विदर्भ अंडर-19 के विरुद्ध खेला गया।

पहले दिन विदर्भ अंडर 19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। विदर्भ अंडर-19 ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 49 ओवरों में 10 विकेट खोकर 116 रन बनाये। विदर्भ अंडर 19 टीम की ओर से वेदांत ने 44 रन तथा इकनुर भामरा ने 39 रनों का योगदान दिंया।

छत्तीसगढ़ की ओर से कुमार इशान, धनंजय नायक तथा ओम वैष्णव ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ अंडर 19 ने अपनी पहली पारी में 35.2 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 79 रन बना लिए हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रथम जाचक ने सर्वाधिक 19 रन तथा आदित्य कुमार ने 13 रनों का योगदान दिया। विदर्भ की ओर से आदित्य ने 3 विकेट तथा पार्थ ने 2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक विदर्भ ने 37 रनों की बढत प्राप्त कर ली है।

### जिला बैडमिंटन में रायपुर का दबदबा



**रायपुर।** जिला बैडमिंटन संघ जांजगीर चांपा द्वारा 23 वीं राज्य सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप 12 से 16 अगस्त तक चांपा में आयोजित की गई। पुरुष युगल में विजेता सुजोय तंबोली-आयुष माखीजा, महिला एकल में विजेता हेरल चौहान, मिश्रित युगल में विजेता आयुष माखीजा-हेरल चौहान रहे। सभी विजयी खिलाड़ी रायपुर जिले से हैं।

### अखिल भारतीय एथलेटिक्स में द.पू.म. रेलवे महिला टीम विजेता




**रायपुर।** 89वें अखिल भारतीय अंतर रेलवे एथलेटिक्स प्रतियोगिता-2024 का आयोजन उत्तर प्रदेश के रायबरेली शहर में 9 से 11 अगस्त तक किया गया। प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महिला एवं पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। भारतीय रेलवे की विजेता टीम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 10 महिला एवं 12 पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया एवम जीतने में अहम भूमिका निभाई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की इन महिला खिलाडियों में पूजा शर्मा ने हेप्टाथिओन ने प्रथम स्थान, किरन ने मराथन मेन दूसरा स्थान, योगिता ने शॉट –पुट में दूसरा स्थान, फ्लोरेंस बरला ने 400 मीटर में दूसरा स्थान एवं 200 मीटर में पांचवा स्थान, पूजा ने 800 मीटर में दूसरा स्थान एवं 1500 मीटर में चौथा स्थान, शिवानी ने डिसकुस थ्रोव में तीसरा स्थान, पूनम ने 1000 मीटर में तीसरा स्थान, मुन्नी देवी ने 5000 मीटर में चौथा स्थान एवं प्रीति ने 200 मीटर छठा स्थान प्राप्त किया गया। इसी प्रकार पुरुष खिलाडियों में रितेश ओहरे ने 1500 मीटर मे प्रथम स्थान एवं भारतीय रेलवे में रिकॉर्ड दर्ज किया एवं 800 मीटर में चौथा स्थान, रवि ने हैमर थ्रो में प्रथम स्थान, हरीश ने 10000 मीटर में दूसरा स्थान, प्रिंके राज मिश्रा ने स्टीप्ले चेस में दूसरा स्थान, प्रदीप कुमार ने डिसकुस थ्रो ने तीसरा स्थान, शक्ति सोलंकी ने शॉट –पुट में तीसरा स्थान, रवि ने 5000 मीटर में चौथा स्थान, अभिषेक द्रलल ने जवेलीन थ्रो में चौथा स्थान, दिनेश कुमार ने 10000 मीटर में एवं शॉट –पुट में चौथा स्थान प्राप्त किया गया।

भारतीय रेलवे के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा हमेशा से खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जाता रहा है । इसी का परिणाम है कि महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने देश के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का भी नाम रौशन किया है। इसके साथ ही साथ दक्षिण पूर्व रेलवे की अन्य खिलाड़ियों ने भी विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी छाप छोड़ी है।

### डीडीसीए का चयन ट्रायल जारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ (सीएससीएस) के दिशा निर्देशानुसार जिला क्रिकेट एसोसिएशन दुर्ग (डीडीसीए) की ओर से रविशंकर स्टेडियम में खिलाड़ियों का चयन सत्र 2024 के अंडर-14 वर्ग का 15 अगस्त को किया गया। इसके उपरांत अब सत्र 2025 के अंडर-19 वर्ग का चयन 18 अगस्त को सुबह 8.30 बजे तथा सत्र 2025 के अंडर- 23 एवं सीनियर वर्ग का 25 अगस्त को सुबह 8.30 बजे से किया जायेगा। चयनित खिलाड़ी क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई, सीएससीएस एवं डीडीसीए के टूर्नामेंट, ट्रायल्स तथा सिलेक्शन मैच में शिरकत करेंगें।

---

### बदलती जीवनशैली के चलते गैजेट्स की लत बढ़ा रही परेशानियां

# बढ़ रहा बहरेपन का खतरा, आप भी तो नहीं कर रहे हैं ऐसी गलतियां

कम सुनाई देने या बहरेपन का खतरा वैश्विक स्तर पर बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। उम्र बढ़ने के साथ कानों की बीमारियां होना सामान्य माना जाता है पर हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आश्चर्यजनक रूप से पिछले कुछ वर्षों में कम आयु के लोगों में भी ये खतरा बढ़ता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक हालिया रिपोर्ट में चिंता जताते हुए कहा, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, खास तौर पर ईयरबड्स और हेडफोन के बढ़ते उपयोग के कारण कम सुनाई देने और बहरेपन के मामले अब काफी ज्यादा हो गए हैं। डब्ल्यूएचओ ने अपनी रिपोर्ट में सावधान करते हुए कहा, 12 से 35 वर्ष की आयु के एक बिलियन (100 करोड़) से अधिक लोगों में सुनने की क्षमता कम होना या बहरेपन का जोखिम हो सकता है। इसके लिए मुख्यरूप से लंबे समय तक ईयरबड्स से तेज आवाज में संगीत सुनने और शोरगुल वाली जगहों पर रहना एक बड़ा कारण माना जा रहा है। तेज आवाज वाले ये उपकरण आंतरिक कान को क्षति पहुंचाते हैं। सभी लोगों को इन उपकरणों का इस्तेमाल बड़ी सावधानी से करना चाहिए।



**कम रखें ध्वनि**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ध्वनि को डेसिबल नामक इकाई में मापा जाता है। 60-70 डेसिबल या उससे कम की ध्वनि को आमतौर पर सुरक्षित माना जाता है। हालांकि, 85 या उससे अधिक की ध्वनि के लंबे समय तक या बार-बार संपर्क में रहने से सुनने की क्षमता कम हो सकती है। ईयरबड्स और हेडफोन्स जैसे उपकरणों की ध्वनि 100 से अधिक हो सकती है, जिसका अगर कुछ घंटे ही इस्तेमाल कर लिया जाए तो कानों की कोशिकाओं को क्षति पहुंचने और सुनने की समस्या बढ़ने का जोखिम हो सकता है।

#### तेज आवाज से कानों को हो रहा है नुकसान

रिपोर्ट के मुताबिक ईयरबड्स या हेडफोन के साथ पर्सनल म्यूजिक प्लेयर का इस्तेमाल करने वाले लगभग 65 प्रतिशत लोग लगातार 85 (डेसिबल) से ज्यादा आवाज में इसे प्रयोग में लाते हैं। इतनी तीव्रता वाली आवाज को कानों के आंतरिक हिस्से के लिए काफी हानिकारक पाया गया है। शरीर के अन्य भागों में होने वाली क्षति के विपरीत, आंतरिक कान की क्षति के ठीक होने की संभावना भी कम होती है। तेज आवाज के संपर्क के कारण समय के साथ कोशिकाएं क्षतिग्रस्त होती जाती हैं। इससे सुनने की क्षमता और भी खराब होती जाती है। वैश्विक स्तर पर आने वाले दशकों में करोड़ों लोगों में इस तरह की समस्या होने की आशंका है।

#### विशेषज्ञों ने जताई चिंता

कोलोराडो विश्वविद्यालय में ईएनटी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ डैनियल फिंक कहते हैं, मुझे लगता है कि व्यापक स्तर पर, चिकित्सा और ऑडियोलॉजी समुदाय को इस गंभीर खतरे को लेकर ध्यान देने की आवश्यकता है। युवा आबादी में ईयरबड्स जैसे उपकरणों का बढ़ता इस्तेमाल 40 की उम्र तक सुनने की क्षमता को कम कमजोर करने वाली स्थिति हो सकती है।



#### डिमेंशिया का भी बढ़ जाता है जोखिम

साल 2011 के एक अध्ययन के अनुसार सुनने की क्षमता में कमी को सिर्फ कानों का समस्याओं तक ही सीमित नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे लोगों में मस्तिष्क से संबंधित बीमारियों जैसे डिमेंशिया का जोखिम भी काफी बढ़ जाता है। सुनने की क्षमता में कमी वाले लोगों में डिमेंशिया रोग होने का जोखिम दो गुना अधिक देखा गया। वहीं जिन लोगों को बिल्कुल नहीं सुनाई देता था या जो लोग बहरेपन के शिकार थे उनमें डिमेंशिया के खतरे को पांच गुना अधिक पाया गया। डॉ डैनियल कहते हैं, कुछ आशाजनक अध्ययनों से पता चलता है सुनने की समस्याओं का इलाज करने से संज्ञानात्मक गिरावट और मनोभ्रंश का जोखिमों को कम किया जा सकता है।

---

## क्या कोने वाला घर होता है अशुभ?

घर लेने से लेकर उसमें रहने तक से संबंधित वास्तु शास्त्र में कई महत्वपूर्ण बातें बताई गई हैं। घर लेते समय अक्सर लोग उसकी खूबसूरती और सुख-सुविधा पर ध्यान देते हैं, जबकि देना चाहिए उसकी दिशा और उसके स्थान पर ध्यान

वास्तु शास्त्र का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसा इसलिए क्योंकि हर एक वस्तु जो हम से जुड़ी है उसका नाता कहीं न कहीं वास्तु से होता है। इसी कारण से घर, दुकान, वाहन, आदि स्थानों पर वास्तु के अनुसार ही कार्य या उपाय करना चाहिए ताकि दोष न लगे और शुभता प्राप्त हो सके। वहीं, अगर सिर्फ घर की बात करें तो घर लेने से लेकर उसमें रहने तक से संबंधित वास्तु शास्त्र में कई महत्वपूर्ण बातें बताई गई हैं।

इसी कड़ी में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि घर लेते समय अक्सर लोग उसकी खूबसूरती और सुख-सुविधा पर ध्यान देते हैं, जबकि देना चाहिए उसकी दिशा और उसके स्थान पर ध्यान। कई घर बीचो-बीच बने होते हैं तो कई घर कोने में में बने होते हैं। यानी कि अगर किसी जगह पर कई सारे घर हैं तो उनमें से कुछ बीच में बने होंगे तो कुछ कोने में। ऐसे में कोने का घर अशुभ होता है या शुभ आइये जानते हैं।

**क्या कोने वाला घर खरीदना चाहिए ? :** वास्तु शास्त्र के अनुसार, कोने वाला घर तीन दिशाओं से खुला होता है जो केतु के आधीन होती हैं। ऐसे में कोने वाले घर पर केतु का गहरा प्रभाव पड़ता है। केतु को जहां एक ओर ज्योतिष शास्त्र में पाप ग्रह माना गया है तो वहीं, वास्तु शास्त्र में उसे नेगेटिव एनर्जी ज्यादा पैदा करने वाला ग्रह माना जाता है। वास्तु शास्त्र कहता है कि जब कोने वाला घर कोई लेता है तो उस व्यक्ति को शुरुआत के कुछ साल उस घर से कई प्रकार के लाबह मिलते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उस समय केतु अपने मूल रूप में नहीं होता है।

## मिक्सी से गिर जाता है मसाला तो इन टिप्स को करें फॉलो



मिक्सी का इस्तेमाल हम सभी के घरों में चीजों को पीसने के लिए होता है। किन इस मशीन के साथ एक दिक्कत भी है, कि इसमें लीक्वीड चीजें पीसते वक्त अक्सर वह बाहर निकल जाते हैं। मिक्सी का इस्तेमाल हम सभी के घरों में चीजों को पीसने के लिए होता है। लहसुन-प्याज और अदरक से लेकर चटनी, जूस, दही, छाछ और अन्य कई सारी चीजों को पीसने और मिलाने के लिए इस उपयोगी मशीन का इस्तेमाल किया जाता है। बता दें कि इस मशीन से काम तो आसान होता ही है, साथ ही काम करने में मेहनत कम लगता है। लेकिन इस मशीन के साथ एक दिक्कत भी है, कि इसमें लीक्वीड चीजें पीसते वक्त अक्सर वह बाहर निकल जाते हैं और हर तरफ फैल जाते हैं, बता दें कि इससे काम बढ़ जाता है।

**ओवर फिल न करें :** मिक्सी जार को अधिकतम आधे या तीन-चौथाई भाग तक ही भरें। इससे लिक्विड के बाहर गिरने की संभावना कम होगी।

**ढक्कन ठीक से बंद करें:** मिक्सर जार में लीक्वीड भरने के बाद ढक्कन ठीक से भरें, नहीं तो चीजें बाहर निकल जाएगी। इसके अलावा आप ढक्कन को टाइट करने के लिए जार के ऊपर पॉलीथिन रखें, फिर ढक्कन बंद करें।

---



## समझाकर सुधारें बच्चे की आदतें, दिखेगा बदलाव

बच्चे जैसे-जैसे बड़े होते हैं, अपना पक्ष रखना सीख जाते हैं। लेकिन पक्ष रखने की यह आदत यदि तर्कपूर्ण न होकर बहस का रूप लेने लगे तो इस पर ध्यान देना जरूरी है। तर्क करना या बहस करना अच्छा है, जब तक कि वह सकारात्मक पहलुओं पर की जाए। बच्चों में बहस करने की आदत सामान्य होती है, जो उनके मानसिक और सामाजिक विकास का हिस्सा है। सकारात्मक बहस बच्चों में आत्मनिर्भरता की भावना को जगाती है। मगर जब यह बहस नकारात्मकता की ओर बढ़े और विवाद का रूप लेने लगे तो इसे रोकना जरूरी हो जाता है, क्योंकि कई बार बहस करना बच्चों को उद्दंड भी बना देता है। इसलिए जरूरी है, समय रहते बच्चों के प्रश्नों और बहस के बीच के इस छोटे-से फर्क को समझना और उनका उचित मार्गदर्शन करना।

### क्या है वजह

शारीरिक अनुपात के साथ ही समयानुसार बच्चों की तर्कशक्ति और विश्लेषणात्मक क्षमता भी विकसित होती




है। वे विभिन्न मुद्दों पर सवाल उठाते हैं और उनकी गहराई में जाकर उनके उत्तर खोजने की कोशिश करते हैं। कई बार बच्चे बिना किसी कारण के ही बहस करने लगते हैं, क्योंकि वे लोगों, विशेषकर अभिभावकों का ध्यान अपनी ओर खींचना चाहते हैं, तो कभी-कभी बच्चे खुद को सही साबित करने के लिए और अपने पक्ष को मजबूत बनाने के लिए बहस करते हैं।

### आपकी धारणाएं

जब बहस, बहस न रहकर विवाद और उद्दंडता का विकृत रूप लेने लगती है तो उसके पीछे कई वजहें होती हैं, जैसे बच्चे के मन में कुछ बातें गांठों का रूप ले रही हैं। वह अपनी बात कह नहीं पा रहा है और समझा नहीं पा रहा है। वहीं आपके द्वारा उसके लिए बनाई गईं कुछ धारणाएं भी उसे बहस करने पर मजबूर करती हैं, जैसे कि 'यह तुमने ही तोड़ा होगा, तुम्हारे अलावा कर भी कौन सकता है?' या फिर घर में कुछ भी गलत होने पर उस पर शक करना। इस स्थिति में बहस करना लाजिमी है, जो समय के साथ बच्चे के व्यवहार में शामिल हो जाती है।

### मार्गदर्शन करें

आपको बच्चों की बहस को ध्यान से सुनना चाहिए। 'तुम चुप रहो' कहकर उनके प्रश्नों पर प्रश्नचिह्न न लगाएं। उनके हर प्रश्न का जवाब दें, जिससे वे उलझन में न रहें और कहीं और से प्रश्नों के गलत जवाब न ढूंढने लगें। उन्हें सिखाएं कि वे अपने विचारों को शांति से व्यक्त करें और दूसरों की भावनाओं को आहत न करें। साथ ही आपको बहस के दौरान उनकी भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। ऐसा करने पर वे आपसे बहस नहीं, तर्कपूर्ण बात करेंगे।

























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जेम्स कैमरून की 'अवतार 3' में नहीं दिखेगी ऑस्कर विजेता अभिनेत्री!

'अवतार' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त 'अवतार 3' 19 दिसंबर 2025 को रिलीज होगी। 'अवतार 3 फायर एंड ऐश' को लेकर फिल्म के निर्देशक जैम्स कैमरून ने एक



बहुत बड़ा खुलासा किया है, जिससे प्रशंसक आश्चर्यचकित रह गए हैं। निर्देशक जेम्स कैमरून ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि 'अवतार' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त में ऑस्कर विजेता और हॉलीवुड सुपरस्टार मिशेल योह नहीं नजर आएंगी। उन्होंने कहा, ₹मिशेल योह 'अवतार 3' में नहीं होंगी लेकिन वह 'अवतार 4' और 'अवतार 5' में जरूर नजर आएंगी। वह जल्द ही अपना हिस्सा निभाने के लिए फिल्म 'अवतार' के आगे के पार्ट में नजर आएंगी, जो एक दिलचस्प और मजेदार किरदार होंगे।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹हम अब खुद से आगे निकल रहे हैं। यह पूरी चीज सालों से प्लान की जा चुकी हैं। स्क्रिप्ट सालों पहले लिखी गई थी, फिल्म 'अवतार 5' के आखिर तक स्क्रिप्ट लिखी जा चुकी है। फिलहाल, हम फिल्म के चौथे भाग पर काम कर रहे हैं, खासकर इसलिए क्योंकि हमारे पास युवा कलाकार हैं।₹ आपको बता दें कि 2019 में आई डिजनी की फिल्म में मिशेल योह ने डॉक्टर करीना मोग की भूमिका निभाई थी। बता दें मिशेल योह को 'एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स' में भूमिका के लिए ऑस्कर से सम्मानित किया गया था, जिसमें उन्होंने एवलिन वांग की भूमिका निभाई थी। मिडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मिशेल योह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का ऑस्कर जीतने पाने वाली पहली एशियाई महिला हैं। 'अवतार' के फिल्म मेकर्स ने कहा, ₹हम मिशेल से प्यार करते हैं। वह हमेशा से एक फिल्म स्टार रही है, लेकिन अब वह एक बहुत बड़ी हस्ती बन गई है।₹ 'अवतार 3' अगले साल 19 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जबकि 'अवतार 4' को 21 दिसंबर 2029 में और 'अवतार 5' को 19 दिसंबर 2031 को रिलीज किया जा सकता है।

### टॉलीवुड

## ऋषभ शेट्टी ने कन्नड़ दर्शकों को समर्पित किया राष्ट्रीय पुरस्कार

ऋषभ शेट्टी ने 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में 'कांतारा' फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीत लिया है। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया



था और अब इसके अभिनेता को अवॉर्ड मिलने से दर्शक भी काफी खुश हैं। इस मौके पर ऋषभ शेट्टी का कहना है कि वो एक बढ़िया फिल्म लाने के लिए और भी ज्यादा मेहनत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 'कांतारा' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो साल 2022 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन भी ऋषभ शेट्टी ने ही किया है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतकर वो काफी खुश हैं। इसके लिए उन्होंने फिल्म से जुड़े तकनीशियनों, कलाकारों और अन्य लोगों को धन्यवाद दिया। साथ ही होम्बले फिल्म्स की टीम का भी आभार जताया। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि के लिए भगवान को भी धन्यवाद दिया।

ऋषभ ने अपने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार को कन्नड़ दर्शकों, दैव नर्तकों और अप्पू सर को समर्पित किया है।

'कांतारा' के निर्माता विजय किरागंदुर ने राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में 'कांतारा' और 'केजीएफः चैप्टर 2' के छा जाने पर इसे कन्नड़ सिनेमा की सांस्कृतिक गहराई और सिनेमाई उत्कृष्टता का शक्तिशाली प्रतीक करार दिया। साथ ही साथ उन्होंने दर्शकों को भी धन्यवाद दिया।

'केजीएफ चैप्टर 2' को सर्वश्रेष्ठ कन्नड़ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। इसके निर्देशक प्रशांत नील ने भी 'कांतारा' के लिए ऋषभ शेट्टी और होम्बले फिल्म्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह कन्नड़ सिनेमा के लिए एक शानदार पल है। प्रशांत ने 'केजीएफः चैप्टर 2' की टीम को भी उनके काम के लिए धन्यवाद दिया।

### भोजपुरी

## जवानी जिन्दाबाद में पूरन संग नजर आएंगे हर्षवर्धन

यश प्रोडक्शन के बैनर तले आगामी रिलीज छत्तीसगढ़ी फिल्म ₹जवानी जिन्दाबाद₹ में अभिनेता पूरन किरी संग इस्पात नगरी भिलाई के हर्षवर्धन



पटनायक नजर आएंगे। कॉलेज स्टूडेंट लाइफ पर आधारित हास्य-व्यंग्य से भरपूर इस छत्तीसगढ़ी फिल्म में स्टूडेंट के मां-बाप की आशाओं और संवेदनाओं को मार्मिक रूप से अभिनीत किया गया है। फिल्म में 8 गाने हैं और फिल्मांकन रायगढ़ और रायपुर में किया गया है। हर्षवर्धन पटनायक शहर के छाया-रचनाकार वीरेन्द्र पटनायक के सुपुत्र हैं। उन्होंने 2020 में 15 मिनट की लघु फिल्म ₹अननेम्ड्₹ मे श्वेता पड्डा के साथ अभिनय किया था। जिसे लिफ्ट ऑफ सेशन-2020, लंदन और राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए चयनित किया गया। इसमें हर्षवर्धन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के श्रेणी में भी चुना गया। वर्तमान में हर्षवर्धन पटनायक मुम्बई में राम गोपाल वर्मा प्रोडक्शन के लिए जीशान अली सिद्दीकी के सहायक निर्देशक के रूप में कार्य कर रहे हैं। हर्षवर्धन पिछले दिनों एफ. टी. आई. आई. अल्यूमिनी, और ऑस्कर चयनित फिल्म अभिनेता सौरभ सारस्वत के साथ 'सेन्सेएक्ट' प्रोडक्शन के बैनर तले इंटेशिव अंतरराष्ट्रीय वर्कशॉप, मनाली में प्रशिक्षण लिया व वर्कशॉप कंडक्ट किया। लगन और जुनून से भरे इस माटी पुत्र की महत्त्वाकांक्षाएं बड़ी हैं।

## फैशन में आर्किटेक्ट

लाइफ स्टाइल



मिलान फैशन वीक में डिजाइनर लेगरफेल्ड ने आर्किटेक्ट इंजीनियरिंग का समावेश करते हुए नया नजारा पेश किया। यहां मंच पर क्वाट्र्ज जैसे दिखने वाले शानदार टुकड़े ऐसे दिख रहे थे जैसे कि वे पैलेस रॉयल से निकले हों, जबकि छोटे क्रिस्टल और चमचमाती रेत पैरों के नीचे चमक रही थी। साथ ही मिनरल के आकार के ज्यामितीय प्रिंट और रफ-कट ज्वेलरी भी थी। मॉडल की भौंहों पर छोटे-छोटे पत्थर भी छिड़के गए थे।

## अगर छोटी हैं आपकी आंखें तो ऐसे करें मेकअप



रोजाना की जिंदगी में महिलाएं मेकअप करना काफी पसंद करती हैं। अक्सर आपने देखा होगा कि छोटी आंख वाली महिलाएं मोटा-मोटा आई लाइनर लगा लेती हैं। उन्हें लगता है कि मोटा आई लाइनर लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं है। अगर आप अपनी आंखों को आकर्षित दिखाना चाहती हैं तो कोशिश करें यह विंग्ड आईलाइनर हो।

मोटा आईलाइनर आपके लुक को खराब कर सकता है। अपने ड्रेसअप के हिसाब से ही विंग्ड आई लाइनर लगाएं। ऐसा माना जाता है कि काजल लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं, पर अगर आप सही तरीके से काजल नहीं लगाएंगी तो आपका लुक खराब दिखेगा। इतना ही नहीं ऐसा करने से आपकी आंखें भी अजीब दिखेंगी। अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो हमेशा वॉटर लाइन पर ही काजल लगाएं। इससे आपकी आंखें खूबसूरत लगेंगी। आंखों के मेकअप में मस्कारा का काफी अहम रोल होता है।

छोटी आंख वाली महिलाएं इसका इस्तेमाल करते वक्त ध्यान रखें कि आप कम मात्रा में ही मस्कारा का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही बार-बार मस्कारा का कोट ना लगाएं, इससे पूरा लुक बिगड़ सकता है। अपना आई मेकअप शुरू करने से पहले आई बेस जरूर लगाएं। एक तो इसके इस्तेमाल से आपकी आंखें और ज्यादा खूबसूरत दिखेंगी और साथ में इसकी वजह से आपका मेकअप हाईलाइट होगा।

## ऑयली स्किन वाले गलती से भी ना करें इनका इस्तेमाल




हर किसी की स्किन काफी अलग होती है। किसी की त्वचा तैलीय होती है तो किसी की ड्राई। जिनकी स्किन ड्राई होती है उनके सामने ज्यादा परेशानी नहीं होती है पर, परेशानी उन लोगों के सामने आती है, जिनकी त्वचा ऑयली होती है। गर्मियों के मौसम में ऑयली स्किन वालों का चेहरा ऐसा लगता है मानों उन्होंने चेहरे पर काफी सारा तेल लगाया हो। गर्मियों में तैलीय त्वचा वाले लोगों पर पिंपल, ब्रेकाउट और बंद रोम छिद्रों का खतरा भी ज्यादा होता है।





इसी के चलते गर्मियों के मौसम में हर ऑयली स्किन वाले व्यक्ति को अपनी स्किन का खास ध्यान रखना पड़ता है। जिन लोगों की त्वचा तैलीय होती है, उनको कुछ चीजों से दूर ही रहना चाहिए ताकि उनका चेहरा भी गर्मी में ग्लो करे। आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने वाले हैं, जिसे तैलीय त्वचा वाले लोगों को उपयोग नहीं करना चाहिए।

**नारियल तेल:** अगर आपकी स्किन ऑयली है तो नारियल के तेल से दूर ही रहें। इसके इस्तेमाल से आपके चेहरे पर कील-मुहांसों की समस्या सामने आ सकती है। इतना ही नहीं, हो सकता है कि स्किन पर ब्लैकहेड्स भी हो जाएं।

**पेट्रोलियम जेली:** अगर आपकी त्वचा ऑयली है तो जितना हो सके पेट्रोलियम जेली से दूर रहें। इसकी बजाय आप जेल बेस्ड प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**मलाई:** तैलीय त्वचा वाली लोगों को अपने चेहरे पर मलाई लगाने से भी बचना चाहिए। इसके इस्तेमाल से स्किन पर काफी नमी आती है। जिसकी जरूरत ऑयली स्किन वालों को नहीं होती।

**चावल का आटा:** अगर ऑयली स्किन वाले लोग अपने चेहरे पर चावल के आटे का इस्तेमाल करेंगे तो हो सकता है कि उनके चेहरे पर पूरे चेहरे पर रेड रैशेज हो जाएं।

**ऑयल बेस्ड ब्यूटी प्रोडक्ट:** तैलीय त्वचा वाली महिलाओं को ऑयल बेस्ड ब्यूटी प्रोडक्ट से दूर रहना चाहिए। इनके उपयोग से आपकी स्किन ज्यादा ऑयली होने लगेगी। कई बार इनके इस्तेमाल से त्वचा पर दिक्कतें सामने आने लगती हैं।

**बेसन:** वैसे तो बेसन स्किन के लिए काफी लाभदायक होता है पर ऑयली स्किन वालों को इससे दूर रहना चाहिए क्योंकि यह उनके चेहरे पर जलन पैदा कर सकता हैं।

## चेहरे पर हैं पिगमेंटेशन के निशान तो घर पर तैयार करें ये फैसपैक



जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे शरीर में कई तरह के बदलाव सामने आते हैं। उम्र बढ़ने के अलावा आजकल के खानपान, तनाव और यूवी किरणों की वजह से भी शरीर में कई तरह की परेशानियां सामने आती हैं। इन सबका सबसे ज्यादा असर चेहरे पर ही दिखाई देता है। इसी वजह से चेहरे पिगमेंटेशन, ब्लैक स्पॉट, पिंपल्स दिखाई देने लगते हैं। घरेलू नुस्खे या फिर दवाइयों की मदद से हम इन परेशानियों से तो छुटकारा पा लेते हैं लेकिन परेशानी तब सामने आती है जब ये दिक्कतें तो सही हो जाएं लेकिन इनके दाग चेहरे पर रह जाएं। इस पैक को बनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर आप ये पैक बनाने जा रही हैं तो सबसे पहले एक बाउल में दो चम्मच दही लेकर उसे फेंट लें। इसके बाद इसमें चावल का पाउडर मिलाकर उसमें मुल्तानी मिट्टी मिलाएं। एक चुटकी हल्दी, दो बूंद नींबू का रस और शहद मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करें। बस आपका फैसपैक तैयार है।

### लगाने की विधि

इस फेसपैक को लगाने के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को अच्छे से धो लें। अब किसी ब्रश की मदद से इस पेस्ट को चेहरे से लेकर गले और गर्दन में अच्छे से लगाएं।

पैक लगाने के बाद इसे तकरीबन 20 मिनट तक सूखने दें। जब से सही से सूख जाए तो चेहरे को सादे पानी से साफ करें। ध्यान रखें कि चेहरे को रगड़ें नहीं। चेहरा साफ करने के बाद कॉटन बॉल में कच्चा दूध लेकर चेहरे पर लगाएं। इस पैक को आप हफ्ते में 4 बार तक लगा सकते हैं। दो हफ्ते इस्तेमाल करने से आपको इसका असर दिखने लगेगा।

## बारिश के मौसम में इन फैशन टिप्स को अपना कर दिखें बेहद ही खूबसूरत और ग्लैमर

मुंबई। मानसून सीजन में सुहाने मौसम के साथ ग्लैमर लुक भी नजर आ जाए तो क्या ही बात है। जी हां, आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने वाले हैं, जो आपको मानसून के मौसम में बारिश में क्या पहने और क्या ना पहने के असमंजस से बाहर तो निकालेगा ही साथ ही आपको एक अलग और नया लुक भी देगा। दरअसल इस मौसम में सबसे बड़ी टेंशन होती है कि कौन से कपड़े आपके लिए कर्म्फेटबल होंगे साथ ग्लैमर भी दिखेंगे, तो आपकी इसी टेंशन को आज हम कम करने आए हैं। तो आइए जानते हैं कि मानसून के मौसम में आप किस तरह के फैशन को फॉलो कर सकती हैं।

**फ्लोरल प्रिंट लगेगा बेस्ट:** मानसून के मौसम में फ्लोरल प्रिंट के कपड़े आपके लुक को और भी ज्यादा इनहांस करेंगे. ऐसे में आप फ्लोरल प्रिंट की साड़ी, सूट, कुर्ता या शर्ट आदि पहन सकती हैं।

**चटकीले कलर लगेंगे अच्छे:** बरसात के मौसम में वाइब्रेंट कलर अच्छे लगते हैं. मानसून सीजन में आप पर पीले, लाल या फिर हरे रंग कपड़े बहुत अच्छे लगेंगे।



**टाइट कपड़े पहनने से बचें:** बारिश के मौसम में गलती से भी टाइट कपड़े ना पहने. इस मौसम हमेशा ही लूज कपड़ों को प्रीफ्रेंस दें।

**नायलॉन रहेगा सही:** इस मौसम में कपड़े जल्दी नहीं सूखते हैं ऐसे में नायलॉन फैब्रिक का चुनाव करें. यह सूखने में काफी हल्के होते हैं. साथ ही दिखने में ये फैब्रिक काफी स्टाइलिश भी लगते हैं।


**स्कार्फ देगा आपको अलग लुक:** मानसून के मौसम किसी भी ड्रेस पर स्कार्फ को जरूर कैरी करें. यह दिखने में तो अच्छे लगते ही हैं साथ ही साथ ही यह बारिश में भीग जाने के बाद कपड़ों की ट्रासपेरेंसी से भी आपको बचाते हैं।

### कार्नर न्यूज

### मॉडल्स और डिजाइनर्स पर धनवर्षा हो रही है जमकर

## मॉडलिंग की दुनिया में चकाचौंध और करोड़ों की कमाई, लेकिन मॉडल को सतर्क रहने की जरूरत

*मॉडलिंग और डिजाइनिंग नए जमाने का जुनून है, जिसका जादू नई पीढ़ी के सिर चढ़कर बोल रहा है। इसमें सालाना कई-कई करोड़ की कमाई है। अमेरिकी फैशन वीक सालाना लगभग सौ करोड़ डॉलर का कारोबार कर रहा है तो भारत भी कुछ कम नहीं। खुदरा बाजार में भारतीय परिधान की हिस्सेदारी 56,000 करोड़ रुपए है तो भारतीय कपड़ा उद्योग 49 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है।*






प्रोडक्स के प्रमोशन में लगे मॉडल्स और डिजाइनर्स पर जमकर धनवर्षा हो रही है। सांकेतिक तस्वीर सांकेतिक तस्वीर आप दुनिया के टॉप-10 मॉडलों की कमाई पर एक नजर डालें तो पता चलता है कि यह रोजगार अब कितना मायने रख रहा है और आज की पीढ़ी इस पर क्यों इतनी दीवानी हुई जा रही है। मॉडलों की एक तस्वीर या उनका विज्ञापन करोड़ों की सेल करवा देता है।

पूरी दुनिया में फैशन और मॉडलिंग का बुखार किस तरह नई पीढ़ी के सिर चढ़कर बोल रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है। अमेरिका में फरवरी और सितंबर में होने वाला फैशन वीक हर साल लगभग सौ करोड़ डॉलर तक का कारोबार लाता है। डियोर जैसे बड़े नाम वाले फैशन हाउस डीलक्स छुट्टियों के लिए फैशन बनाते हैं। अमीरों के फैशन के लिए होने वाले फैशन शो भी लाजवाब होते हैं क्योंकि कुछ बेचने के लिए भावी खरीदारों का मनोरंजन भी जरूरी माना जाता है। हमारे देश में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (दिल्ली) फैशन डिजाइनिंग का मशहूर कॉलेज है। यहां फैशन से संबंधित कई कोर्स चलाए जाते हैं। इसी मन-मिजाज को देखते हुए 'न्यूमेरिकल मॉडलिंग ऑफ वेदर एंड क्लाइमेट' के लिए नेशनल सेंटर फॉर मीडियम रेंज वेदर फोरकॉस्टिंग, नोएडा हर साल जूनियर रिसर्च फेलो के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।

इच्छुक उम्मीदवार इस साल भी पहली जुलाई तक डाक से आवेदन कर सकते हैं। आज फैशन का जादू हमारे देशी बाजारों पर भी छाया हुआ है। आज के युवा फैशन इंडस्ट्री पर फिदा हैं। बाजार का अलग ताना-बाना है।